इसी तरीके से मैं आप को पैदावार के बारे में बतलाना चाहता हूं। यहां बहुत कहा गया है कि पिछले 15 वर्ष में 35 सैकड़ा अनाज की पैदावार बढ़ी है लेकिन साथ ही यह क्यों नहीं कहा गया कि पिछले 15 वर्ष में आबादी भी 30 सैकड़ा बढ़ गयी है। इसलिए मैं यह कहना चाहता हूं कि वह 30-35 का कोई फर्क नहीं है। आंकड़े इस तरह के देश में हैं कि पैदावार और आबादी साथ साथ बराबर बढ़ी है इसलिए दरअसल कुछ भी नहीं हुआ है। कुछ खराबी आई है। एक बात मैं जबरदस्त खराबी आई है और वह यह कि जितना भी अनाज हमारे देश में है अगर प्रति व्यक्ति उसे बांटें तो साढ़े [illegible] पड़ेगा यानी सवा सात छटांक रहेगा। यह मैं औसत बतला रहा हूं बीज वगैरह निकाल कर। अब सवा सात छटांक अनाज भी हर व्यक्ति को नहीं मिल पाता है क्योंकि पहले से गड़बड़ है। इतना मैं कहना चाहता हूं कि 27 करोड़ आदमियों को 4 छटांक अन्न से अधिक प्रतिदिन नहीं मिलता रहा है। अब मैं एक खतरनाक बात बतलाना चाहता हूं, ऐसी खतरनाक बात जो हमेशा चालू रहेगी। जब तक यह सरकार रहेगी तब तक वह चालू रहेगी। क्योंकि इस सरकार की योजना का आधार यह है कि पांच करोड़, साढ़े पांच करोड़ की हालत तो थोड़ी बहुत सुधारो और 42 करोड़ की हालत बिगाड़ दो। आज इस योजना का आधार है कि कुछ की जिन्दगी जुड़ी हुई है बहुतों की मौत के साथ। यह बात बिल्कुल साफ़ होती चली जा रही है कि इस योजना से या तो पचास लाख बड़े लोग, और या उन के पिछलग्गू कुछ छोटे बाबू लोग, पनपते हैं। मैं जानता हूं कि छोटे बाबू लोगों का बहुत सुधार नहीं हो पाता है। उन को कोई मक्खन या संतरा नहीं मिलता है, लेकिन अनाज की मिकदार कुछ बढ़ जाती है। चूंकि अनाज की पैदावार नहीं बढ़ रही है, इसलिए जब योजना कुछ वर्गों की स्थिति को सुधारती है और उनकी खपत बढ़ती है, तो बढ़ी हुई खपत आखिर साधारण जनता के अनाज से ही निकलती है। अभी मैंने 27 करोड़ आदमियों के लिए चार छटांक अनाज बताया। मैं कहना चाहता हूं कि अगले पांच वर्षों में वह चार छटांक भी घट कर तीन, साढ़े तीन छटांक रह जायेगा, क्योंकि इस सरकार की योजना का आधार ही ऐसा है। यह राजकीय सवाल है और राजकीय नीति इससे जुड़ती है।

अनाज की पैदावार क्यों नहीं बढ़ पाती है? इसलिए कि खेती में मुनाफ़ा नहीं है, खेती में घूस नहीं है, खेती में चन्दा नहीं है। जितनी भी योजनायें बनाई गईं, उन सब में आप देखेंगे कि करोड़पति के मुनाफ़े तीस चालीस सैकड़े के हैं। कहां मिल रहे हैं? बड़े बड़े कारखानों में, या मकान बनाने में और या फिर बे ठाट के 400 करोड़ के रांची के कारखाने हैं, या 100 करोड़ के [illegible] के कारखाने हैं, या 50 करोड़ के एलुमिनियम के कारखाने हैं जिन में इधर-उधर कुछ अपनी पार्टी को चलाने के लिए चन्दा भी मिल जाया करता है और खुद के लिए, और अगर खुद के लिए नहीं तो कम से कम बेटे और दामाद के लिए पैसा मिल जाता है, धन इकट्ठा हो सकता है। आप गौर कीजिए कि मैं ने किन बातों को कहा है। इन उद्योगों से नेताओं को राजनीति के लिए चन्दा मिलता है और नौकरशाहों को मौका मिलता है अपने सम्बन्धियों की अवस्था को सुधारने के लिए और करोड़पतियों को मुनाफ़ा दिलाने के लिए।

आज जहां ऐसी अवस्था है, वहां योजना का पैसा खेती में नहीं लग सकता है। जिन किसानों के पास तीन, चार, छः एकड़ जमीन है, उन को क्या मिलेगा ? मैं देखता हूं कि हमारे कुछ कांग्रेस के दोस्त, जो किसानों के हिमायती हैं, अक्सर कर्जे का जिक्र किया करते हैं कि किसानों को कर्जा मिले। कहां से कर्जा मिलेगा ? कर्जा मिलेगा उद्योगपतियों को, उन कारखानों को, जिन से मंत्री और नौकरशाह जुड़े हुए हैं, जिन से नफ़ा उठाते हैं। इन छोटे किसानों को कर्जा नहीं मिल सकता है। और अगर छुटपुट कुछ मिल भी गया, तो उस से कुछ आने-जाने वाला नहीं है।

व्यापार और उद्योग में लक्ष्मी है। खेती में लक्ष्मी नहीं है। है भी, तो उन के पास, जिन के पास पांच सौ, हजार एकड़ जमीन है। इसलिए एक बात मैं बिल्कुल जोर से कहना चाहता हूं कि इस सरकार के रहते हुए हम को बाहर से अनाज मंगाना पड़ेगा। जब से यह सरकार चालू है, मेरा ख्याल है कि हम कम से कम पंद्रह अरब रुपये का अनाज बाहर से मंगा चुके हैं। दस, बारह अरब रुपये का अनाज तो खाली अमरीका से आया है और बाकी दूसरे देशों से भी आया है। पंद्रह अरब रुपये का अनाज— यह बात कह देना ही काफ़ी है। मैं समझता हूं कि अगर कोई जिन्दा देश होता, तो इतनी बात से ही आग लग जाती कि पिछले पंद्रह वर्षों में पंद्रह अरब रुपये का अनाज मंगाया गया है।

इस पन्द्रह अरब रुपये के साथ साथ योजना का बुरा ढंग है, जिस की बुनियादी बात मैं कह देता हूं कि अगर एक हजार रुपये महीने से ज्यादा खर्चा किसी मंत्री, किसी नौकरशाह और किसी उद्योगपति को न करने दिया जाये, तो बारह अरब रुपये— यह मैं कहता हूं सरकारी हिसाब से, मेरे हिसाब से तो पच्चीस अरब रुपया होगा—की सालाना बचत खर्चे में हो सकती है। आप देखिये कि यह कितनी बड़ी पूंजी हो जाती है। इस पूंजी के बारे में मैं कहूंगा कि इस का पहला उद्देश्य होना चाहिए हिन्दुस्तान की खेती को सुधारने का। ये सब झूठे सवाल हैं कि कर्जा मिले, या किस तरह खेती का संगठन हो, सहकारी खेती हो या राज्य के खेत हों, आदि। जरूरत इस बात की है कि खेती में पूंजी लगाई जाये, चाहे उस में चन्दा मिले या न मिले, चाहे उस में लक्ष्मी मिले या न मिले। खेती में पूंजी लगाना है और जब तक यह नीति का फैसला नहीं होगा तब तक मामला ठीक नहीं हो पायेगा।

इस का एक और नतीजा निकलता है। लोग कहते हैं कि दाम बढ़ाओ। अक्सर मैं ने यह आवाज इधर से सुनी कि दाम बढ़ाओ। किसी हद तक मैं उस को पसन्द भी करता हूं। लेकिन मैं एक बात बताना चाहता हूं। किसानों की उपज के दाम बढ़ाने का मतलब क्या होगा? उद्योगी दाम बढ़ाते रहो और किसानों के दाम बढ़ाते रहो। यहां पर मैं एक और खतरनाक बात कह देता हूं, जो कि होने वाली है और वह यह है कि हिन्दुस्तान के सामने सीधा सा सवाल यह है कि या तो उद्योगी दामों को घटाओ और या खेती के दाम बढ़ाओ। इसके अलावा और कोई रास्ता नहीं रह गया है, क्योंकि पिछले दस, पन्द्रह बरसों में कारखाने की बनी चीजों के दाम बढ़ते चले गए और खेती के दाम उस हिसाब से बढ़े नहीं। आज सन् 1964 में पहली दफ़ा खेती की चीजों के दाम भी बढ़ने शुरू हो गए हैं। जो चीज अब हुई है, वह यहां आकर अटक गई है। हजार सर पटक लें, वह बदलने वाली नहीं है, क्योंकि यह सारे संसार का नियम है कि दाम आपस में जुड़े हुए रहते हैं, अलग से दाम नहीं चला करते हैं। आज मिट्टी के तेल की बोतल बेची जा रही है छः आने में। सिमेंट का हिसाब ही बड़ा गड़बड़ है। आठ रुपये, बारह आने बोरा कण्ट्रोल दाम है और जहां मिले—मिलता नहीं है सब जगह, जिससे भी आप कुछ नतीजे निकाल सकते हैं—वहां बारह और चौदह रुपये बोरा मिलता है।

[डा० राम मनोहर लोहिया]

कहां आठ रुपये कण्ट्रोल और कहां चौदह रुपये असली दाम । कौन ले जाता है वे छः रुपये ? मन्त्री ? नौकरशाह ? व्यापारी ? इन तीनों के तिगड्डे को हमें कभी भूलना नहीं चाहिए । चौदह रुपये में सिमेंट का बोरा अगर किसान ख़रीदेगा—और वह भी बड़ा किसान, जो अपना गल्ला बाज़ार में बेचता है—तो वह लाज़िमी तौर पर यह कोशिश करेगा कि उसको भी अपनी चीज़ों के अच्छे दाम मिलें । इसीलिए काली घटा छाई ही रहेगी हिन्दुस्तान पर, ऐसा मेरा ख्याल है, क्योंकि पहली दफ़ा खेती के दाम कारखानों के दामों के साथ कुछ रेंगने शुरू किये हैं । और अगर इस घटा को छंटाना है, तो कारखाने के दाम गिराने ही पड़ेंगे, और कारख़ाने के दाम गिराने के लिए जो तरीका मैंने बताया है, उसके अलावा और कोई तरीका नहीं है कि कर घटाओ, सरकार की फ़िज़ूलखर्ची घटाओ, सरकार किसी दूसरे पैमाने पर ले जाओ । जिस ढंग से पिछले सत्रह बरस से और जिस ढंग से आज यह सरकार चल रही है, वह चल नहीं सकता है । सरकार को दूसरे ढंग पर ले जाओ, इसकी आत्मा को बदलो । या तो इस काम को करो, वर्ना कोई दूसरा रास्ता रह नहीं जाता है ।

मैं आपसे एक सिद्धान्त की बात और कह दूं कि दाम तो नहीं बांधे जा सकते, लेकिन दामों के रिश्तों को बांधना जरूरी हो गया है । मैं उन लोगों में नहीं हूं, जो कहा करते हैं कि गेहूं इस दाम पर बेचो और हमेशा इसी दाम पर बेचो, सिमेंट इसी दाम पर बेचो, लेकिन मैं चाहता हूं कि गेहूं, सिमेंट, मिट्टी का तेल, कपड़ा, इनके रिश्ते बांध दिये जायें, ताकि अगर एक घटे, तो दूसरा भी घटे, अगर एक बढ़े तो दूसरा भी बढ़े । इसमें किसान का भी फ़ायदा है, शहर के उपभोक्ता का भी फ़ायदा है, सारे देश का फायदा है । इसी आधार पर अच्छी योजना बन सकती है । दामों के रिश्तों को बांधना जरूरी है ।

मुझे अफ़सोस के साथ कहना पड़ता है कि इन सब बातों पर हिन्दुस्तान के राजनीति करने वालों ने अच्छी तरह से ध्यान नहीं दिया है । मैं समझता हूं कि मामूली इन्सान या मामूली मजदूर तो मेरी बातों को समझ जायेगा, लेकिन जो फंस गए हैं चक्कर में, वे नहीं समझ पाते ।

अब मैं थोड़ा सा समाजवादियों को कुछ कहना चाहता हूं । चाहे वे समाजवादी उस तरफ़ वाले हों और चाहे इस तरफ़ वाले—फ़र्क कुछ नहीं पड़ता है—वे रूप के बहुत ज्यादा मोही हो गए हैं और उन को प्राण से मतलब नहीं रह गया है । जब देखो यह बात कही जाती है कि राज्य व्यापार अनाज का हो या न हो, बैंकों का राष्ट्रीयकरण हो या न हो, क्षेत्रीय व्यापार हो या न हो । ख़ाली रूप के सवाल ये लोग उठाया करते हैं । रूप में रखा क्या है, अगर प्राण नहीं रहता है ? समाजवाद के शरीर की ढूंढ तो करने लग गए हो, समाजवाद के प्राण की ढूंढ बिल्कुल नहीं है । मैं कहना चाहता हूं कि चाहे वे अपने को वामपन्थी कहते हों और चाहे दक्षिणपन्थी, वे चाहे जो भी हों वे प्राण की भी फ़िक्र करें । इस वक्त पूरे हिन्दुस्तान भर में खास तौर से पढ़े लिखे लोगों में एक विचार फैला हुआ है कि हमें जरूरत है इन्तजाम की और संस्थाओं की तबदीली की और ऐसे संगठन बनाने की जिनसे समाजवाद आ सके । कहा जाता है कि राष्ट्रीय बैंक बनाओ, समाजवाद आ जाएगा, सहकारी समितियां बनाओ, समाजवाद आ जायगा, दूसरी चीजों का राष्ट्रीयकरण करो, समाजवाद आ जायगा । केवल संस्थाओं को तबदीलियां कर देने से लोग समझते हैं कि समाजवाद आ जाएगा । यह उनकी बहुत जबर्दस्त भूल है। मैं सहकारी समितियों का एक कलंक आपको बता देना चाहता हूं । समाजवाद का रूप तो था लेकिन उस रूप का किस प्रकार से दुरुपयोग हुआ इसका अन्दाजा आपको चल जाएगा । क्या कुछ हो रहा है, इसको आप

देखें। एक तरफ गांव के बड़े लोग हैं और दूसरी तरफ कस्बों और शहरों के व्यापारी, कम से कम बड़े न सही तो आढ़ती मिल करके सहकारी समितियां बना रहे हैं और हिन्दुस्तान की जनता को खूब मजे में लूट रहे हैं। यह सहकारी समितियों का हाल हो रहा है। केवल रूप की तरफ देखोगे और प्राणों की तरफ नहीं देखोगे तो नतीजा समाजवाद का यह होकर ही रहेगा। कांग्रेस वाले खास तौर से समाजवाद को कह देते हैं और इधर वाले भी उसका नारा तो लगा देते हैं लेकिन कम्युनिस्ट लोग किसी तरह से इस बात को समझ जाते तो बहुत अच्छा होता। लेकिन वे समझ नहीं पा रहे हैं। रूप के चक्कर में वे बहुत फंसे हुए हैं। यह भी अच्छा है। वैसे तो आपने देखा होगा बादल बरसते खूब हैं और गरजते भी खूब हैं और मेरे जैसा आदमी बहुत पसन्द करता है जब ऐसे बादल दिखाई देते हैं जो दिखने में और सुनने में भी बहुत अच्छे लगते हों। लेकिन रूप के चक्कर में फंसे रहने से काम नहीं चलेगा।

इस योजना का गांव में क्या नतीजा निकला है, इसको आप देखें। एक तरफ सहकारी समितियां, दूसरी तरफ ठंडे घर, तीसरी तरफ बीज वगैरह देने का इंतजाम और साधन, चौथी तरफ कर्ज और सिंचाई वगैरह ये सब गांवों में किये गये हैं। इन सब का फायदा किस को मिलता है इस तरफ भी आपका ध्यान जाना चाहिये। गांवों में यों तो इनका फायदा मिलता है मुश्किल से पांच सैकड़ा को। सारी योजना के नाम पर देश का अरबों रुपया खर्च होने के बाद भी केवल पांच सैकड़ा और अगर ज्यादा हिसाब लगाया जाए तो दस सैकड़ा को फायदा मिल जाता है। इसका क्या नतीजा होता है? अगर गांव वाले उस संचित धन का गांव में इस्तेमाल करते हैं, खेती को सुधारने में उसको लगाते हैं तो मेरे जैसा आदमी एसी बात को माफ भी कर देता क्योंकि आज मेरा दिल इतना टूटा हुआ है कि मैं समाजवादी न्याय को नहीं चाहता इतना ज्यादा जितना कि मैं समाजवादी पैदावार को चाहता हूं। देश में पैदावार बढ़े यह मेरा मकसद है। अगर अन्याय करके भी कोई पैदावार बढ़ा सकता है तो मैं उसका हाथ चूमने के लिए तैयार हूं। बड़े लोगों को बढ़ाया जा रहा है। कांग्रेस सरकार बड़े लोगों पर आधारित है चाहे वे बड़े लोग शहरों के हों या देहातों के हों। उनको यह फायदा दिलाती है। उन से वोट लेती है। उनके हाथ में इतनी ताकत होती है कि सब लोगों को प्रभावित करके वे ले जाते हैं और इनको वोट दिला देते हैं। नतीजा यह हुआ कि है जितने गांव के बड़े लोग हैं वे आज तक नफा उठाते रहे हैं और उस नफे को वे गांवों और खेती में न लगा करके शहरों में कारखानों में या व्यवसायों में लगाया करते हैं। जो लोग गांव वाले हैं, वे इसको अच्छी तरह से जानते होंगे। मैं उनको दोष नहीं देता हूं। यह संसार का नियम है, प्रकृति का नियम है जहां नफा दिखेगा वहां लोग दौड़ेंगे। परिणाम यह हो रहा है कि गांवों के बड़े लोग शहरों की तरफ दौड़ रहे हैं खाली शारीरिक हिसाब से नहीं, नफे के हिसाब से वहां पैसा लगा रहा है। जैसे और दिशाओं में वैसे इस दिशा में भी नतीजा यह हो रहा है कि चिल्लाते हम रहेंगे गांवों में बसो, शहरों में मत जाओ, चिल्लाते हम रहेंगे खेती में पूंजी लगाओ, खेती को सुधारो, लेकिन अब पूंजी उद्योग और व्यापार में लगती चली जाएगी और खेती का सुधार नहीं हो पाएगा। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि यह सदन और देश समाजवाद के प्राणों की तरफ देखना शुरू करे।

जितनी भी बहस हुई है, उस में मैंने सुना है, इस तरफ से भी और उस तरफ से भी ज्यादा जोर इसी बात पर दिया गया है कि जमाखोरी और मुनाफाखोरी के कारण यह सब कुछ हुआ है। मन में मेरे भी लगा कि हां किसी हद तक यह बात भी सही है। लेकिन ये कितनी बड़ी नादानी है कि इतने बड़े सवाल को खाली जमाखोरी और मुनाफाखोरी के ऊपर डाल दिया जाए। आखिर सवाल क्या है? यह

[डा० राम मनोहर लोहिया]

सही है कि हिन्दुस्तान में हमेशा ही व्यापार के उतार चढ़ाव में अनाज के, खास तौर से, काफी फर्क रहा करता है। कभी तो अनाज या गेहूं या चावल अब चार आने तो नहीं लेकिन 6–7 आने कहीं कहीं बिकता है और फिर उसी फसल का वह अनाज 11–12 आने तक चला जाता है। यह हमेशा का नियम रहा है। लेकिन अब की बार यह बात उठाना कि 1964 में जो दाम बढ़े हैं वे जमाखोरी और मुनाफाखोरी के कारण ही बढ़े हैं ठीक नहीं है क्योंकि उसका परिणाम यह होता है कि सारा देश समझने लगता है कि सरकार तो करीब करीब निर्दोष है वह तो कुछ नहीं कर रही है और दूसरों का ही सारा दोष है। सरकार का अगर दोष है तो खाली इतना कि वह चोरों को नहीं पकड़ रही है या चोरों के साथ जुड़ी हुई है। मैं कहना चाहता हूं कि आज अनाज की जो नीति है, चाहे अनाज बाहर भेजने की, चीनी बाहर भेजने की, चाहे बाहर से अनाज मंगाने की, चाहे खेती में पैसा लगाने की, यह सारी गलत है, इसका जमाखोरी या मुनाफाखोरी से कोई सम्बन्ध नहीं। है, केवल सरकार से है, योजना से है, उद्योग और कृषि के रिश्तों से है। उनकी तरफ ध्यान दिया जाना चाहिये। अगर ऐसा नहीं किया गया तो नतीजा यह होगा कि किसी झूठे आदमी को पकड़ने की तलाश में हम असली को नहीं पकड़ पायेंगे। जो सचमुच में जमाखोर और मुनाफाखोर हैं, उनके बारे में मैं कुछ मिसालें देना चाहता हूं। जमाखोरी का क्या मतलब है? इसका मतलब यह लिया जाता है कि अनाज जो जमा करके रखता है वह जमाखोर है। दो दिन भी अनाज कोई जमा करेगा तो वह जमाखोरी हो जाएगी। दिल्ली में हजरत लोगों ने छापे मारे थे व्यापारियों के घरों पर। बाद में इनको एलान करना पड़ा था कि हम कोई जमाखोरी के लिए छापे मारने नहीं गये थे। हम तो खाली यह देखने गये थे कि क्या हमारा पुलिस का इंतजाम ऐसा है कि कभी जरूरत पड़े तो छापा मार सकता है। ऐसे तो ये लोग हैं। यह तो सरकार है। जमाखोरी वगैरह का मामला क्या है और कहां जा कर टिकता है, उसकी एक मिसाल मैं आपको देता हूं। कुछ दिन पहले उत्तर प्रदेश का गुड़ बाहर नहीं जाने दिया जाता था। वह गुप्त गुड़ था। गुप्त दोनों मानों में। गुप्त रूप से भी आ जाता था और उस वक्त गुप्त जी उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री भी थे। इस सारी चीज को अगर आप ढूंढ़ लें तो आपको पता चलेगा यही तिगड्डा, चुनाव जीतने के लिए चन्दा, वही पुलिस वालों और नौकरशाही की घूस और वही बड़े व्यापारी और मुनाफा। यह पूरा तिगड्डा चलता जा रहा है।

ऐसा न लगे कि मैं चन्द्रभान गुप्त जी के बारे में तो कह लूं और दूसरों की बात न करूं तो मैं आपको त्रिपाठी जी की सिंचाई की बात भी सुना देता हूं जो आजकल कांग्रेस के वहां पर सदर हो चुके हैं। वह जब मंत्री थे तो सिंचाई के मामले. . . .

**श्री राधेलाल व्यास**: किस तरह से किसी का नाम ले कर माननीय सदस्य यहां कह सकते हैं? वह यहां पर नहीं हैं अपनी सफाई देने के लिए।

**डा० राम मनोहर लोहिया**: उत्तर प्रदेश में भी यही हुआ करता है। हर कोई आदमी खड़ा हो कर हमीं को कहता है। जब देखो उत्तर प्रदेश की असेम्बली में हमारा ही जिक्र होता है। मैं नाम नहीं लेता। मैं जनरल बात कहता हूं। जितने कांग्रेसी हैं सब के लिए कहे देता हूं खाली एक के लिए नहीं कहता हूं। जब वे मंत्री बन जाते हैं तो अपने बेटों, अपने रिश्तेदारों और अपने सब लोगों को पैसे दिलवाते रहते हैं और नतीजा यह होता है कि सिंचाई का फायदा हिन्दुस्तान की जनता और किसान को नहीं हो पाता है और अगर थोड़ी सी पैदावार बढ़ती भी है तो उससे कहीं ज्यादा घूस में, चन्दों में और टैक्स में पैसा खर्च हो जाता है।

13.28

[*Mr. Deputy Speaker in the Chair*]

उसी तरह से फर्रुखाबाद में अभी एक सीनियर मार्किटिंग इंस्पैक्टर पकड़ा गया है चार सौ रुपये घूस लेता हुआ । मुझे सिर्फ एक ही मिसाल नहीं देनी है । मैं यह कहना चाहता हूं कि आज जितने भी सरकारी नौकर हैं चाहे वे इंस्पैक्टर हों कर के, चाहे वे किसी जगह पर पूर्ति वगैरह का सामान बांटते हों और चाहे उनके ऊपर देखभाल करने वाले राजकीय लोग हों,—हर एक के लिए तो मैं नहीं कहता हूं, लेकिन प्रायः हर एक अपने दल को, अपने कुटुम्ब को चलाने के लिए सब तरह के काम करते रहते हैं। दल और कुटुम्ब दोनों मैं कहना चाहता हूं ।

जब मैं दल का नाम लेता हूं तो एक बड़ी बुरी भ्रान्त धारणा हम सब लोगों के दिमाग़ में बन जाती है कि अगर कहीं हमारा दल जीत जाये और गद्दी पर बैठ जाये तो फिर वह संसार के लिए और देश के लिए कल्याणकारी होगा । जहां यह भ्रान्त धारणा दिमाग़ में घुस गई हो, वहां पर आदमी सब कुछ करने को तैयार रहता है, हर पाप माफ हो जाया करता है । यह धारणा दिमाग़ में धंस गई है कि किसी तरह से इस सरकार को कायम रखो । अगर कांग्रेस सरकार खत्म हो गई तो देश टूट जायेगा । देश अगर टू जायेगा तो इस से बढ़ कर नुक्सान क्या हो सकता है । इसलिये देश को बचा कर रखो । देश को बचाने के लिये अगर मंत्री, नौकरशाह और व्यापारियों का तिगड्डा चला कर के, घूस, चन्दा, बड़े मुनाफे 40 प्रतिशत प्रति वर्ष भी करना पड़े तो चलाते रहो, और यह जो मैं ने सीनियर इन्स्पैक्टर की मिसाल दी है, सारे देश में इसी तरह से चलाते रहो ।

अब तक तो जो मैं बोला हूं वह बहुत ढूंढ ढांढ कर सारी चीज़ों को बोला हूं । अब मैं कलकत्ते की एक घटना बतलाना चाहता हूं । मैं ने चाहा था कि नन्दाजी से इसकी तलाश कर लेता कि यह घटना कहां तक सही है लेकिन वह अभी तक इस का पता नहीं लगा पाये इसलिये मैं बतलाना चाहता हूं । नाम तो कांग्रेसियों का नहीं बतलाऊंगा जो इसमें शामिल हैं, लेकिन कलकत्ते में कुछ बड़े मिल मालिक मनमोहन खान, काशी नाथ पाल और ईश्वरदास जालान के दामाद आदि कुछ अर्से से गिरफ्तार हैं । क्यों गिरफ्तार हैं । इस को वहीं पर ढूंढने की जरूरत है, और मैं चाहूंगा कि श्री हीरेन मुकर्जी इसे ढूंढ ढांढ कर लायें । अगर अतुल्य घोष साहब वहां मौजूद थे तो वे बतला दें कि अगर वे पकड़े गये तो कैसे पकड़े गये, क्यों पकड़े गये । अगर मेरी इत्तला सही है तो जहां अब तक मैं ने नन्दा जी की थोड़ी बहुत निन्दा की है, इस मामले में थोड़ी तारीफ भी कब्ल-अज़वक्त कर देना चाहता हूं, बशर्ते उन्होंने इस मामले में कुछ काम किया हो । मगर इस को मैं टाल देता हूं क्योंकि मेरी इत्तला पक्की नहीं है ।

एक चीज़ और है जो मैं आप के सामने रखना चाहता हूं । अभी मेरे पास एक तार आया है कि माणिकपुर के बुद्दा कोल बिना खाये मर गये । जब मैं सहसराम गया हुआ था तो पारसनाथ तिवारी ने मुझे एक किस्सा बतलाया कि ठीक दो घंटे पहले कोई अनामिका बिना खाये मर गई । इस सम्बन्ध में केशव शास्त्री का बड़ा भारी काम मैं आप को बतला देना चाहता हूं । उन्होंने एक आदमी को मरते देखा तो थानेदार को मजबूर किया कि उस आदमी की वह निगरानी करे । उन्होंने कहा कि इस आदमी का माल तो समाप्त हो गया, लेकिन इस की जान के लिये तुम जिम्मेदार हो । जान और माल को बचाने का कायदा है । अगर सारे देश में इस तरह की चीज़ चलती रहे तो अच्छा है ।

अभी जब मैं आ रहा था तो मेरे पास हैदराबाद से यह गेहूं का बंडल आया है । जरा इस की तरफ आप गौर करें और उस के बाद आप इसे मंत्री महोदय को दे दें तो अच्छा होगा । यह एक सरकारी दूकान पर बंट रहा था । 400 दूकानें सस्ते अनाज की

[डा० राम मनोहर लोहिया]

वहां हैं । जहां से यह लिया गया उस की क्रम संख्या 321 (1) है । यह श्री बद्री विशालजी ने हैदराबाद से भेजा है । अगर कोई इस को अध्यक्ष महोदय को दे दे तो अच्छा है । मैं ऐसा नहीं कहता कि सब दूकानों पर इस तरह का गेहूं बंटता है, लेकिन काफी दूकानों पर ऐसा गेहूं बंटता है । आप यह गेहूं अच्छी तरह से देख लें ।

**एक माननीय सदस्य** : अमरीका में कैसा गेहूं मिलता है ?

**डा० राम मनोहर लोहिया**: मैं समझता हूं कि अमरीका में यह जानवरों को भी नहीं दिया जाता होगा ।

अब मैं अपनी बात को खत्म करने के पहले कुछ भारतबन्द के बारे में भी कह देना चाहता हूं, क्योंकि यह बात तो बिल्कुल साफ हो चुकी है कि भारतबन्द का जो कार्यक्रम बनाया गया है उस कार्यक्रम के अलावा और कोई रास्ता रह नहीं गया है । इस सरकार को हटाने के लिये जनता के गुस्से और ताकत का संगठन जरूरी है । लेकिन इस भारतबन्द के बारे में जो शिकायत है, वह यह कि एक तो यह बहुत देर बाद हो रहा है, दूसरे खाली एक दिन का हो रहा है । मुझे तो अब ऐसा भारतबन्द चाहिये जो सिर्फ एक दिन की हड़ताल करके ही शान्त नहीं रह जायेगा । अब लगातार काम बन्द रखो । और इस सम्बन्ध में मैं जनसंघ से भी कहना चाहता हूं कि बहुत हो चुका । तुम कम्यूनिस्टों को खराब कहते हो, इस को खराब कहते हो, मैं कम्यूनिस्टों से भी कहना चाहूंगा कि जनसंघ को खराब कह कर कब तक देश की तकदीर से खिलवाड़ करते जाओगे । अब जरूरत हो गई है कि सारे मुल्क के लोगों को इकट्ठा कर के देश के सारे कामकाज को बन्द करो ताकि यह सरकार भी बन्द हो जाये । जिस तरह की नीतियां अभी तक इस सरकार ने चला रखी हैं, पैदावार की नीति, पूंजी की नीति, ब्याज की नीति, नियांत की नीति, यह सारी नीतियां बदल जायें । मैं कहूंगा कि श्रीमती रेणु चक्रवर्ती से कि सिर्फ जमाखोरी करने वाले लोगों पर ही अपना गुस्सा वह न टाल दिया करें । वह पता लगायें कलकत्ते में कि क्यों यह लोग पकड़े गये थे । श्री अतुल्य घोष ने एक बयान निकाला है कि उन्होंने 25 लाख रुपया कोई कांग्रेस का अधिवेशन वहां होने वाला है उस के लिये इकट्ठा करना चाहा तो चावल मिलों से उस का कोई सम्बन्ध नहीं है । मैं खाली यह कह देना चाहता हूं कि जहां धुआं होता है वहां थोड़ी बहुत आग जरूर हुआ करती है ।

**Shri Karuthiruman** (Gobichettipalayam): Sir, after hearing so many speeches in the House, I am sorry so say that there was not even a single speech containing suggestions for increasing production. Instead, these speeches will create more scare in the minds of the people. There is, of course, increase in price of foodgrains and instead of looking at it at the national level, the opposition want to look at it from the angle of the political level. Agitations and *bandhs* so far did not increase production, but had the adverse effect. It created a scare in the minds of the people and served the purpose of air raid warning to traders, hoarders and blackmarketeers. Only this scare is responsible for scarcity of foodgrains.

We should see that proper conditions are created for increasing production. Unless production increases, there is no chance of the price level being reduced. Even in advance countries like America, Japan or Great Britain, the price level has increased compared to 1959, to an abnormally high level in 1963. If we take it as 100 in 1959, in our country it has increased to 133 or 146. So, price increase is not a special feature in this country alone, but it is a world problem.

For increasing production, the price policy should be properly oriented. For example, in Russia the food price policy is consumer-oriented and there

is no excess in production. In the the USA, however, the food price policy is producer-oriented and subsidy is given to the producers. So there is excess in production there. There fore, we should strike a level where the interests of both the producers and the consumers would be considered. The price policy should be producer-oriented as well as consumer-oriented.

The price policy announced by the Food Minister is a welcome one. It has been hailed by all the peasants in the country. Now they have realised that unless they give a proper and remunerative price for the producer, it is impossible to increase production. The opposition say that the Government should step in. When we announced the prices, then the opposition members did not say a word about the prices. But now they say, supply the foodgrains at that price. How is it possible? It is a colossal task. Only just now we have stepped in and we are organising it. Previously the opposition members were saying, like Sputnik the price is rising. When we announced the price, they say, you supply foodgrains at that price. I am reminded of a fish in Tamilnad. For a snake, it will show its head. For a fish, it will show its tail thus claiming a dual purpose. Similarly my communist friends say, when you have fixed the price, every house and every individual should be supplied at that price. I would submit that unless all the members and the public cooperate it is an impossible task for us to fix the price level and supply it also.

At present, we depend only on food production. The production should be all round. It is no use simply increasing food production alone. There should be increase in production of milk.

There should be increase in the production of eggs, fish, vegetables and fruits. As was suggested in the Twelfth century, when our country was ranking high in culture by the great poet Kambar:

> *"Mukkaniyum moothirayum muzhuthanaiyum senthairum idaidaye cheruchorum"*

was considered to be the best diet. He explains how the people in Rama Rajya were enjoying. *Mukkani* means three kinds of fruits, *moothirai* means good pulses, *muzhuthanai* means unadulterated ghee, *senthair* means good curd and *idaidaye cheruchorum* means with rice and cereals in a litle quantity here and there. So far as the food habits of those people were concerned, cereals, rice and other things constituted only 25 per cent and the rest was formed of vegetables, pulses, ghee and curd. It is a healthier diet. It is a nutritive one. At the same time, it is a full diet. What we take now is not good food at all.

They say there is shortage of foodgrains. I say there is no shortage of foodgrains. There is availability of foodgrains but at a high level of prices. As a farmer of this country I can say that I am producing 12 quintals of rice per acre per crop for more than two decades. When in all other countries they are able to feed six or seven persons with one acre our average is two persons per acre. It is not that our farmers are not capable of producing more or they are slow in production. With intensive cultivation, even with the present extent of cultivation we can feed six hundred million people. I am a farmer. As a practical farmer I can only say that the present hon. Minister has come to the rescue of our farmers. The poor peasants were considered as a low category of people. The plight of the peasants went unwept, unsung and unhonoured in those days. Now, because of the shortage of foodgrains they have realised the importance of peasants, cultivation and agriculture. They have now come to the rescue of the peasants. They have come out with a fair price. Because of this, when I go to my constituency I find there are many garden lands which have been converted into paddy lands because they know they can get fair price for their cultivation.

[Shri Karuthiruman]

Therefore, for intensive cultivation we should create the conditions for it. Our Agricultural research section has done a very good thing, a wonderful thing The agricultural research centres at the Centre as well as in the States have produced many good strains. Because of good seeds available for us we were able to increase our production hundred per cent and even two hundred per cent. We should make the fruits of our research available to each and every peasant of this country. If we do that, our Indian farmers are good and they will increase our production. Our farmers are progressive farmers. Please do not meddle with the Indian farmers. They are intelligent farmers. If you make things available to them they will do their best.

Now things are done on a a political line and not on a national line. Some people want to drag away the peasants who are supporting the ruling party. They want to take them away to their side and that is why this scarcity is being created.

Proper steps are not being taken to create the necessary conditions for the agriculturists. So far, of course, we have spent Rs. 22,000 crores on our Plans. When the question of agriculturists comes, nothing much has been done. Take the question of ammonimum sulphate. It should be subsidised. Proper steps to subsidise it should be taken. Two million tons of ammonium sulphate is distributed among 70 million farmers. Nowhere in the world is ammonium sulphate so costly as in India. It is nearly Rs 400 per ton. You subsidise it and give it at Rs. 100 less per ton. It may mean a loss of Rs. 20 crores to the Government. But by that we will increase Rs. 60 crores worth of foodgrains production. The moment you subsidise it and give it to each and every farmer in this country, the farmers will feel that some concession is being shown to them and they will put in their maximum effort to increase production.

Then ther is the question of agricultural implements. The requirements of the agriculturists should be fully subsidised. The tariff rate for electricity supplied to agriculturists for their lift irrigation is twice the rate applicable to industrialists. Industrialists have an assured income, an assured profit. The poor agriculturists have to depend on so many factors. They have to depend on seasonal conditions. A good season means an increase of 50 per cent in production and a bad season means a decrease of 50 per cent in production. You should, therefore, see that he is adequately equipped with his requirements. So far as Madras is concerned out of the total power generating capacity, only 25 per cent is given to agriculturists and 60 per cent is given to industrialists for industries. For the industrialists they charge only four paise whereas the agriculturists are charged nine paise per unit. What sin have the agriculturists committed to pay this heavy charge compared to the industrialists? Shift 50 per cent of the difference on the industrialists and then it will be all right.

Another thing is, we have increased the tax on diesel oil. For agriculture diesel oil is a very vital and important thing for lifting water from the well. I have calculated and I have found that whereas for irrigation one acre of land through a bullock it costs Rs. 5 and, also Rs. 5 per acre per irrigation if diesel oil is used, for irrigating the same land by electricity it will cost only Rs. 1.50 per irrigation. That means, my friend who has electricity will gain Rs. 3.50 per irrigation. Therefore, supply of electricity at concessional rates to every peasant will induce him to do his best. If there is good rain in a year we say that there will be a good crop. Therefore, if electricity is supplied at concessional rates and they are able to irrigate their lands at cheap cost, we can be assured of more production. I hope the present able Food and Agriculture Minister will give due consideration to my suggestions.

Then, there should be crop insurance for the poor peasants. Wherever there are not big irrigation projects deep tube-wells should be provided for the agriculturists. Our Government has formed the Foodgrains Corporation. I welcome it. It is a semi-official body and it is not like any other government official body Because of the formation of this Corporation, the traders are afraid and they are giving the real price fixed by the Government. But for the formation of this Corporation they would have demanded foodgrains at a cheaper rate. If this Corporation is run on commercial lines I think it will be very successful. Even if 10 to 20 per cent of foodgrains is handled by this Corporation, the price levels will be maintained not only for the producer but for the consumer also.

So far as rice is concerned even the processing and storage of rice in a proper manner will add 5 per cent to our present stocks. In older days hand-pounded rice was considered to be the best thing. By hand-pounding we get 70 to 73 per cent of rice in weight. We get bran out of that. We get more vitamins. By modern technical hulling and polishing the quality of the entire thing deteriorates and we get only the polished rice. Even if you pass one order saying that there should be no hulling at all and only shelling or de-husking should be done, we will be able to add 4 to 5 per cent to our stocks and the food problem will be solved to that extent. Not only should there be increase in agricultural production but the agriculturist should be induced to take to dairy farming, poultry, jiggery and other vocations. Then, either certain concessions or certain inducements should be given to those farmers who produce more per acre.

Lastly, I will refer to the statement of our revered late Prime Minister, Shri Jawaharlal Nehru, whose heart and soul because the part of our soil and people, stated that success goes to those who dare and act. Our present Food and Agriculture Minister has acted daringly, and so success is ours.

**Shri R. G. Dubey** (Bijapur North): Mr. Deputy Speaker, Sir, a little while ago Dr. Lohia an hon. Member of this House, spoke and said many things. Particularly, he made certain observations regarding State trading, planning, *char chatang* or even less for the coming years and many other things. I respect Dr. Lohia for his knowledge. But the way he ended I got the impression, to put it in the words of Bertrand Russell, he is developing himself into a sceptic. He has no faith in the Government, he has no faith in the Communist Party or the Socialist Party and probably he has no faith in himself. Possibly it would lead him to a state which is called anarchism where there is nothing but chaos. Finally, he referred to *Bharat band* which the Communist and Socialist parties want to observe on the 25th of this month, and suggested that it is not enough, it should not be done partially, they should go a step further and see that the whole country comes to a stop. To put it in precise words, it is a voice of despair.

Is this the way we are going to solve the problems of the country? We have held three general elections in this country in a free and fair manner. We are going to have the fourth general election after another two and half years. I am asking the members of the Communist Party, the Socialist Party, and Dr. Lohia who does not agree with the views of that party, have they no patience to wait for another two and half years to secure the verdict of the people in a democratic and legal way? Why are they in such a hurry? Is this the way they are going to solve the problems? Particularly, I want to tell the Communist Party and the Socialist Party, let them not commit the same mistakes which were committed in Europe which resulted in the rise of Fascism and Hitler in Europe. That was mainly due to the bad tactics followed by the Communist Party and the social democracies in Europe. They are now doing the same thing here. The tactics of the Communist Party and the

[Shri R. G. Dubey]

Socialist Party would have been justified if they had a reasonable chance or even half a reasonable chance of capturing power in this country, which now they do not have. They want to have a short-cut to power by isurrection. As Dr. Ambedkar has told us,—in his thoughts on Pakistan—that is a country where the people have the right for insurrection. But we are a free country, lawfully constituted with a written Constitution. So, we have no right for insurrection. Hon. Members must remember that what they are saying is not merely against the Congress Government. By their statements they are trying to insult the large majority of people who have brought this Government to power. People who have no sympathy for this Government must bear this in mind. Unfortunately, the Communist Party is split up into two, the Left and the Right. I have sympathy for the Rightists because they believe in the integrity of the country. Now comrade Dange thinks that the other section is going ahead and he is left behind; so, he should also do something to catch up with them. So, he is trying to compete with them in criticising Government.

Now, comming to the food problem, the booklet circulated by the Ministry of Food and Agriculture is highly educative and informative. It is a balanced appreciation of various factors. It has taken into consideration the variations in consumer preferences and patterns, rise in population, more and more people coming to urban areas, monetary and fiscal policies and other factors. I am sure every member of this House will arrive at the same conclusions about these factors. For instance, it is a fact that people in the villages are consuming a little more food than they were consuming earlier. Then, more and more people are coming to the urban areas. Then, there is rise in money supply, which is an important factor, during the period 1961—64. Another factor is, despite the increase in production, market arrivals or the marketable surplus has not increased proportionately.

Sometimes hon. Members of the other side, occasionally this side also, give the impression as if the shortage is created by stock-building and hoarding and the Government has not been able to do anything. That is not the position. When we go through this booklet we find there is not merely stock-building and hoarding but urbanisation and growth in population. I do not mean to say that the Government has done everything possible; may be there are some mistakes. But I do say that it is an uphill task and the Government has a claim to the sympathy of every section of the House.

The other day I was in Bombay and I was standing near the Gateway of India. I saw ten to fifteen ships ladden with food waiting to be unloaded. Why? Because the dock workers are on strike. Is this the way we can solve the food problem? Now, *Bharat band* and strikes, will they solve the problem or make the problem worse? That is the point which we have to consider. I have every sympathy for the dock workers. It is good that the contract system has been abolished and the department has taken over the work. We have to see that the workmen or the labour are given a fair deal. But I wish there is some compulsion in the matter; perhaps Nandaji could do it; hereafter, there should be no strikes for some period. The tripartite conference has accepted this. Despite that agreement, the workers are violating it. I feel there should be a law whereby strike is banned in the country for some time. The other day there was a strike in the Civil Aviation Department; because one particular individual case was not settled, there was a twelve-hour strike. I do not think democracy will survive in this country if we allow these tactics to continue. We must put a stop to them.

According to the figures given here, two ships of 10,000 tons each are

tons each are coming to our ports each day. Maharashtra is the worst affected State. So far as the city of Bombay is concerned, the Government of India is feeding the whole city. The Government of India have allotted 1,15,000 tons for Maharashtra. Gujarat, another worse-effected area, has been given 60,000 tons. Uttar Pradesh, including KABAL, has been given 1,05,000 tons; Bihar has been supplied 50,000 tons. So also other States. What more can the Government of India do? They are supplying the internally procured and imported foodgrains to all the needy States in an equitable manner.

The difficulty comes in the matter of distribution. We have no full-fledged rationing as we had during the British days. The Central Government have their godowns in every part of the country full stocked. My impression is, there is enough of stocks but there is some defect in distribution. Like other places, in Bijapur also there is a Central godown. The object of these godowns is to release stocks in such a way as to control the market price and does not allow it to go beyond a particular level. But in actual practice the stocks are not released in time with the result that the very purpose or object of stocking foodgrains in the godowns and the controlling the market price is defeated. Because the imported or locally procured foodgrains are not transported to the godowns and released in time, the local merchants create an artificial shortage and raise the price to a high level, defeating the very object of having Central godowns. That is why sometimes a bad name is given to the State Government by the people. But the responsibility of the State is greater because they have to arrange for distribution. Production and distribution are primarily the responsibilities of the State Governments. I do not mean to say that the Government of India has nothing to do with it; but it is mainly their responsibility.

**14 hrs.**

There are irrigation schemes, major, medium and minor. The Agriculture Ministry give loans for minor irrigation schemes. One point that hon. lady Member, Shrimati Tarkeshwari Sinha, made is correct, that is regarding tractors. I wonder why the Planning Commission or the Agriculture Ministry do not consider this. Even in this House, with due respect to the House, nowhere do we lay emphasis on the production and manufacture of tractors for agricultural purposes. Hon. Members are interested more in the manufacture of a people's car. We often discuss about the cheap car, but we never give the same importance to the production of the most vital necessity for improving agriculture, that is, reclamation of land.

In my district there is one unit of four tractors. Two tractors are always idle and two tractors are operating in the whole district and they too not fully. Everywhere there is great demand of tractors. Where irrigation schemes are operating, if the land under their command is not level, the tractor comes into the picture. You must provide tractors to the cultivators so that soil management is done and the land is improved. But he does not get the tractor. With all my influence for five or six years I have been trying but I am not able to get the tractor for the cultivator. So, I would appeal to the Food Minister to see that instead of importing wheat under PL-480 we should get tractors from America because we are not in a position to manufacture tractors immediately. A tractor is the greatest need and every *taluk* must have a tractor unit. There are some firms, or the State Trading Corporation itself might be in charge of it.

Then, how is it that the "Grow More Food" campaign is not getting due impetus? The other day I heard the Maharashtra Chief Minister during the AICC debate and, I think, he made one very good point. He said

[Shri R. G. Dubey]

that at the lower level there is no enthusiasm. We must create a mass movement, just as Vinobaji has created the Bhoodan movement. By Ministers' going and making speeches for production nothing happens at the lower level. At the village, *taluk* and district level the cultivator has no confidence that if he approaches the *tehsil* or district office he will get justice. So, that kind of movement or enthusiasm must be developed and everybody must think in those terms.

My hon. colleague, Annasahib Shinde, the Parliamentary Secretary, is here. He himself is a very ideal farmer. I read his note which was placed before the Agriculture Panel of the Planning Commission. His suggestions are born out of experience. I do not agree with Dr. Lohia. His approach seems to be that the entire concept of planning should be done away with. That is not the way. We cannot do away with that. Planning must be there. Bank nationalisation must be arere, though not today. I personally think that we should give serious thought to the problem of bank nationalisation. Bank nationalisation is necessary to bring under check unaccounted money. The Food Ministry cannot be held responsible for it because the Finance Ministry comes into the picture. Prices can be brought within reach only when bank nationalisation takes place. But, of course, we cannot hurriedly do these things.

So, there are two ways to meet the situation. One is to have the foodgrains trade entirely on Government account. That is not possible because we neither have the personnel and the wherewithal nor is it desirable. If we take over the foodgrains trade, it is not necessary that it may help us in growing more food; it may affect adversely. So, Government has chosen the *via media*, neither taking over the complete trade nor giving it to the private sector and allowing them to deprive the people of food. The *via media* is the State Trading Corporation whereby we can have a strategic position and see that we bring this problem within control.

With these words I thank the Food Minister for bringing forward this motion before the House.

**Shri Biren Dutta** (Tripura West): Mr. Deputy-Speaker, Sir, we have heard for the last two or three days arguments for the cause of the present situation or condition. Some course of action has also been suggested. I should not like to reiterate all those things. But you must agree that all of us have considered at least three factors which have led to the present condition of deterioration of the food situation in India.

Firstly, nobody now denies the fact that although some land reforms have been carried, still monopoly in land continues in India. Even the Mahalanobis Committee Report says clearly that a small percentage of people holds the biggest amount and the best land in India. It is interesting to note.

Somebody has suggested that the peasants should be given some fertilisers, tractors and some other things and then agricultural production will go up. But from the records of the Government itself it is seen that there are some big people holding big areas of land having big capacity to employ these resources to develop the country. But how is it that still this money, these resources of the big people are not employed practically in this field?

It is also agreed by everyone in this House and outside that there is some black money in India. If these big landholders are searched, you will find that they hold black money as well and they have their deposits in banks also. There is a good deal of land holding in their possession, violating the Land Reforms Acts. They have black money in their possession. They have their money in the banks. They are operating in forward trading and they are also helping in hoarding and all those things.

One thing that I would like to state here clearly is this. Everybody is now very eager to help the agriculturists. Why are these big people not interested in developing agriculture and getting their maximum profit as they may have from other fields? In India it is traditionally seen that whoever holds land or capital wants the peasantry to remain in a very backward state and to exploit their cheap labour for earning a profit which is not less than their investment in any industry or trade. That is why the majority of the people in this field are suffering. I would not like to state their condition because the Government itself agree that the condition of the mass of people in India, specially in the village areas, is at the lowest rung of the standard of living. Our people are living substandard, even below the standard of Pakistan.

If the Government is really eager to develop our agriculture, they are bound to have a look into the real thing as well. They are thinking of taking some measures. All over the country people are also thinking as to why even at this stage Government has not become courageous enough to take the real steps which even they themselves think are correct. Here is the question of taking over the black money. Some proper measures must be taken to collect this black money. At least, there must be some control over this money. You know it and still you allow it to operate in our economy in such a manner which is creating hunger and such conditions which lead to all these food movements all over the country. You know it but you only blame us. We are not creating all these conditions. It seems to me that the present Government is not eager to create normal conditions. It tries to solve some problems in some way but it does not take the courage to take the correct steps which is needed. Here is the basic questions: Why don't you take courage to nationalise the banks, in order to control the black money which is operating in our economy, to control the forward trading and to seize all those hoarded food stocks? By proposing to take some half-way measures, you cannot get over this situation. It will neither help the Government nor the people. It will only create a more serious situation which will lead to more complications.

Now, there is a proposal that there will be State trading. How will the State trading operate if you allow those people who are hoarding the existing food stocks in our country to run their own business? Every effort of the Government will be hindered by them because they know that they are known to the Government and they know that the Government is willing to check them but it is unable to check them. From the beginning, they will create such a situation that all the attempts of the Government to procure food for State trading will be defeated. The whole purpose of the Government will be defeated.

At the same time, you are seeing peaceful movements in our country and you will see them further. The Government is against those people who are in defence of the masses in trying to create peaceful movements to draw the attention of the Government to the present crisis. They are taking action against all those people who are trying to create a peaceful agitation for drawing the attention of the Government to the present crisis and asking them to take some concrete steps. Even in this House, there are some M.Ps. who, while speaking these things, are hiding the real culprits, these black-marketeers, black money holders, manipulators and speculators. They are not telling the real truth that these people are really responsible for the creation of the present food crisis in the country. If the food debate in this House which has been there for the last two or three days does not come to a conclusion which will help us in controlling the black money and other forces then I think all this effort will be foiled and the Government will have to face the people in the streets.

[Shri Biren Dutta]

Then, I refer to one or two incidents that have happened in my State. In Tripura, you know, more than 50 per cent of the food is subsidised from the Centre. Although you take steps with good intentions, I will tell you how they are foiled. In Tripura, food is subsidised from the Centre. There are two routes. The food carried by both the routes takes the same time and costs the same amount of money. There are two groups of businessmen who are fighting for carrying this rice. Today, more than 50 per cent of the food is carried through Pakistan and, as you know, from time to time this system fails for no reason from our side and there are many losses in the transit. I will request the Minister to enquire into this.

**The Minister of Rehabilitation (Shri Tyagi):** I could not exactly follow the hon. Member. Does the hon. Member mean that 50 per cent of food supplied by the Central Government comes through Pakistan?

**Shri Biren Dutta:** Yes; it comes through Pakistan. The loss in transit is always higher there which can neither be investigated nor checked. If it is carried though the Indian railways, it takes the same time and costs the same amount and there is less loss in transit. Thousands of maunds of rice are sold in Pakistan in black market which cannot be checked.

I now come to another point. There are ration shops in Calcutta and in many other places. You know the people are allowed to purchase ration for a week. The poor people do not have money to purchase the whole week's ration. So, these ration cards are utilised by some other agents who collect this rice and bring it to the black market. The system of supplying ration daily is not there. In very many places, it is not done. All this rice again goes to the black market and all those people who create these conditions are not apprehended and punished.

**Shri Tyagi:** You must resort to daily supply and not weekly supply?

**Shri Biren Dutta:** Yes. The poor people can purchase daily ration. But you are forcing them to purchase the ration for the whole week in a day. They cannot do that. So, their ration cards are utilised by some other people and they sell it in the black market.

**Shri Dasaratha Deb (Tripura East):** At least, make it twice a week.

**Shri Biren Dutta:** I would again plead with the Government that they must make up their mind to take action against the people who have black money and who have hoarded the food stocks. The Government must go in for the nationalisation of banks. They must take courage to punish those guilty persons who are playing with the lives of the poor masses. They should not close their eyes to the people who are really willing to help the Government in apprehending the guilty persons and bringing out the black money and the hoarded stocks. This would help the Government in meeting the present crisis in a short period. With these words, I conclude.

**श्री सिंहासन सिंह (गोरखपुर)** : उपाध्यक्ष महोदय, यह खाद्य समस्या देश के लिए नई नहीं है। जब से लड़ाई खत्म हुई है तब से और जब से हमें स्वराज्य मिला है तब से कम से कम हर साल इस पर इस सदन में बहुत चर्चा होती रही है और कहा जाता रहा है कि इस समस्या को किस तरह से हल किया जाए। कई माननीय सदस्यों ने जिक्र किया है कि हमारा जो व्यापारी वर्ग है उसने कितना हमें सहयोग दिया है और कितना नहीं दिया है। गवर्नमेंट की जो पालिसी है उस में जाने के बजाय अगर मैं जो रिव्यू गवर्नमेंट ने सदन के सामने रखा है, उसमें से ही कुछ पढ़ दूं तो मालूम हो जाएगा कि इस विषय का संचालन करने वाला जो

अधिकारी वर्ग है या व्यावसायी वर्ग है वह कितना अपने कर्त्तव्य से दूर रहा है। हमारे सामने जो फूड सिचुएशन की रिव्यू है उसके 12 और 13 पन्नों पर तो पालिसी निर्धारित है और पेज 14 पर है "गैस इन फूड पालिसी"। इससे बढ़ कर सरकार का कंडेम्नेशन और नहीं हो सकता है जो कि इस सदन के सामने आया हुआ है। मैं आप की आज्ञा से इस में से थोड़ा सा पढ़ना चाहता हूं :

"The implementation of these measures from time to time has revealed certain gaps which are exploited to their advantage by unscrupulous elements of the society, to whatever class they may belong. The forms that their anti-social activities take are trading malpractices, concealment and cornering of stocks, hoarding or withholding of stocks from sale, sudden rise in prices without justification, and clandestine sales at prices higher than the prescribed maximum prices. In addition, some of them resort to black-marketing of supplies obtained from a few fair price shops at lower than market price or of wheat products obtained from roller flour mills at controlled rates. Rice mills have been known to indulge in various malpractices sometimes in collusion with the producers. Traders and millers have offered resistance to the system of regulations that have been sought to be enforced in recent months. The system of procurement being followed hitherto has been giving rise to difficulties."

सरकार जो अपनी पालिसी का इम्प्लिमेंटेशन कर रही है उस का, इस से बढ़ कर कंडेम्नेशन और क्या हो सकता है।

**Shri Tyagi:** I think that shows that Government are vigilant enough.

**श्री सिंहासन सिंह:** गवर्नमेंट इस बात को साबित करती है कि वह अपनी गलतियों को स्वीकार करती है। जब गवर्नमेंट अपने तई अपनी गलतियों को स्वीकार करे तो इस से बढ़ कर और पाप मोचन कोई नहीं हो सकता। गांधी जी की थ्योरी का आधार यह था कि अपनी गलतियों को कबूल कर लेना सब से बड़ी हिम्मत की बात है। जब सरकार ने अपनी गलतियों को कबूल किया है तो मैं इस के लिये साधुवाद देता हूं।

अब हमें यह देखना है कि सन् 1952 से ले कर सन् 1964 तक कितने मंत्री हमारी खाद्य समस्या के ऊपर बलिदान हो गये हैं। अभी तक केवल एक साहब सफल हुए और वह हुए थे हमारे रफी साहब। भागवान ने उन्हें सफल किया। आज भी जनता में उन का नाम लोग याद कर रहे हैं कि रफी साहब के जमाने में गेंहूं का भाव, गल्ले का भाव 10 रु० से नीचे गिरने लगा था। तब गवर्नमेंट ने कहा था कि हम प्राइस सपोर्ट पालिसी को चलायेंगे। हम कीमत को बढ़ायेंगे ताकि काश्तकारों को क्षति न हो। प्रसन्नता की बात है कि हमारे नये खाद्य मंत्री कुछ उसी तरफ बढ़ रहे हैं। हम चाहते हैं कि उन्हें बल मिले और वे भी रफी साहब के मार्ग पर चलें। बहुत मुमकिन है कि अगर वे भी उन का नमूना अपनायें तो उन को सफलता मिले। लेकिन मुझे डर है कि आज अगर वे उसे करना भी चाहें तो क्या उन को लोगों का सहयोग प्राप्त है। क्या उस समुदाय से जिस को वे बार बार कभी घुड़की से कभी प्रार्थना से फटकार से राजी करने की कोशिश कर रहे हैं, अब तक उन को कोई सहयोग मिला। आप कहते हैं कि तुम खुद अपना मुनाफा तय कर लो। लेकिन आज के अखबार में यह है कि दिल्ली के महाजनों ने कहा है कि हम अपने बांधे हुए दामों पर कायम नहीं हैं। हम उसे और बढ़ायेंगे। जो नई फसल आने वाली है उस की हमें कोई परवाह नहीं है, हम तो गेंहूं के दाम को बढ़ायेंगे।

[श्री सिंहासन सिंह]

यह तो उन लोगों का दिमाग है। एक तरफ यह उदार सरकार उन को डी० ग्राई० ग्रार० के ग्रन्दर ला कर भी पन्द्रह दिन का मौका देती है कि वह ईमानदारी से ग्रपना स्टाक डिक्लेयर कर दें ग्रौर दूसरी ग्रोर उन लोगों का व्यवहार ऐसा है। मैं जानना चाहता हूं ग्रौर जब खाद्य मंत्री ग्रपना जवाब दें तो बतलायें कि किन किन व्यवसायियों ने पन्द्रह दिन की ग्रवधि का सदुपयोग कर के सरकार को ग्रपना स्टाक बतलाया है ग्रौर कहा है कि उन के पास इतना स्टाक है।

**एक माननीय सदस्य** : एक भी नहीं है।

**श्री सिंहासन सिंह** : जवाब ग्रा रहा है कि एक भी नहीं। यह सूचना उन के पास कैसे ग्राई कि बतलाया है या नहीं।

**एक माननीय सदस्य** : जवाब तो मंत्री जी देंगे।

**श्री सिंहासन सिंह** : ग्रब जो गवर्नमेंट की नई पालिसी है उस के सम्बंध में मैं कहना चाहता हूं। ग्राज जिस बात को गवर्नमेंट तय करने जा रही है उसके बारे में कई बर्षों से इस सदन में सुझाव ग्राये। सुझावों की कमी नहीं है, विचारों की कमी नहीं है। कमी उस बात की है जो कि पृष्ठ 14 पर 30 वें पैरा में दिया गया है यानी गैप्स इन फूड पालिसी की या उस के इम्प्लिमेंटेशन की। राष्ट्रपति जी ने कहा था कि हमारे देश में खाद्य समस्या को हल करने के लिये उत्पादन बढ़ाया जाना चाहिये। लेकिन ग्राज तो सब से बड़ी समस्या वितरण की है। ग्रनाज का सही वितरण होना चाहिये ग्रौर जो संचय करने वाले हैं उन पर कड़ा दंड लगाया जाना चाहिये। लेकिन इन दोनों बातों को करेगा कौन। जहां तक उत्पादन का सम्बंध है उस का सम्बंध काश्तकारों से है। मैं भी एक काश्तकार हूं। काश्तकार इस काम में लगे हुए हैं ग्रौर कमर तोड़ परिश्रम कर रहे हैं ग्रपनी फसल को बढ़ाने के लिये। लेकिन इस को देखने वाले सिर्फ दो हैं एक तो गवर्नमेंट ग्रौर दूसरा भगवान है। भगवान का भला हो जिस का बहाना गवर्नमेंट ले लेती है। लेकिन जहां तक गवर्नमेंट की मदद की बात है यानी सिंचाई की व्यवस्था ग्रौर खाद की व्यवस्था का सम्बंध है, उसके बारे में कहा गया है कि उस को मदद करनी चाहिये। हमारे स्वर्गीय प्रधान मंत्री ने एक बार पार्टी मीटिंग में कहा था कि खाद्य समस्या को हल करने के लिये ग्रगर मुफ़्त भी बिजली देनी पड़े तो उसे देना होगा। यह कह कर वे रूस गये थे। मुझे दुःख के साथ कहना पड़ता है कि बिजली की कीमत खेती के लिये बढ़ गई है ग्रौर डीजल ग्रायल की भी बढ़ गई है। ग्राज डीजल की कीमत किस के लिये बढ़ी है। काश्तकार के लिये। ग्रौर कम किस के लिये है। बिड़ला की फैक्ट्री के लिये। उस के लिये मार्केट प्राइस से भी कम कीमत पर वह दी जा रही है। मैं भी कांग्रेस दल में हूं लेकिन ईमानदारी से कहता हूं कि यहां पर हमारे दल की कमी है। उस को इस चीज पर विचार करना चाहिये। खुशी की बात है कि ग्राज हम इस पर विचार कर रहे हैं लेकिन जो हमारी नई पालिसी होने वाली है उस में इस बात का कोई जिक्र नहीं है कि काश्तकारों को हम सस्ती कीमत पर बिजली देंगे, डीजल ग्रायल देंगे ग्रौर दूसरा क्रूड ग्रायल देंगे ताकि उपज बढ़ सके। कहीं पर भी यह नहीं है। इसमें केवल यह है कि हम काश्तकार को रेम्यूनरेटिव प्राइस देंगे। मैं चाहूंगा कि उसे ग्रच्छी प्राइस मिले। गल्ला जब मंहगा होता है तब बहुत शोर मचता है लेकिन जब सस्ता होता है तब कोई कुछ नहीं कहता है। यहां पर कह दिया गया कि हम 10 परसेंट गन्ना नहीं पेरेंगे लेकिन काश्तकारों के लिये कोई जिम्मेदारी नहीं मालूम होता। नतीजा यह हुग्रा कि गन्ना कम बोया गया ग्रौर शुगर का प्रोडक्शन कम हो गया। ग्राज काश्तकार को रेम्यूनरेटिव प्राइस नहीं मिलती उस को

डीजल ग्रायल महंगा मिलता है, बिजली महंगी मिलती है । ऐसी हालत में वह क्या करे । हमें यह भी देखना है कि कंज्यूमर्स की प्राइस क्या हो । काश्तकारों को भी ठीक दाम पर चीज मिले और काश्तकार को भी रेम्यूनरेटिव प्राइस मिले । लेकिन यह तभी हो सकता है जब बिजली की कीमत कम हो । डीजल ग्रायल की कीमत कम हो । जहां तक खाद की समस्या का प्रश्न है हम 200 रु० टन खाद ग्रमरीका से लेते हैं और साढ़े चार सौ रुपये टन ग्रपने किसानों को देते हैं । मैंने इस सदन में कहा कि यह सरकार प्रति वर्ष 5 लाख रु० का घाटा सहती है । दिल्ली मिल्क स्कीम में, छोटे और बड़े लोगों को दूध पिलाने में ग्रबकी शायद वह दस लाख का होगा । साथ ही साढ़े सात करोड़ रुपये का मुनाफा करती है काश्तकारों को खाद सप्लाई कर के, जो कि हमारी एकानामी के बैकबोन है । जहां तक रेम्यूनरेटिव प्राइस की बात है मुझे एक बात कहनी है कि ग्रशोक मेहता रिपोर्ट ग्राई उस में कहा गया कि उसे प्राइस सपोर्ट दिया जाये । हमारे पाटिल साहब खाद्य मंत्री थे उन्होंने कहा था कि हमारी पालिसी रूरल मार्केट होगी, वह ग्ररबन मार्केट नहीं होगी । ग्ररबन ग्रोरिएंटेड हो गयी है । यहां बड़े जोरों से ऐलान किया था । ताली बजी । लेकिन ताली ताली रह गयी उस चीज पर ग्रमल नहीं हो पाया । हमको रेम्यूनरेटिव प्राइस दी जाएगी इस ऐलान का मैं स्वागत करता हूं । हम चाहते हैं कि सरकार इस पर कायम रहे और उम्मीद करते हैं कि हम को रेम्यूनरेटिव प्राइस मिलेगी । लेकिन कभी कभी डर भी लगता है । ए० ग्राई० सी० सी० की बैठक में हमारे खाद्य मंत्री ने, जब वह रेम्यूनरेटिव प्राइस पर बोल रहे थे, कहा था कि 15 सितम्बर तक हम धान की प्राइस एनाउन्स कर देंगे । लेकिन ग्रभी तक वह एनाउंस नहीं की गयी है । ग्रब कहा जा रहा है कि इस महीने के ग्रन्त तक एनाउंस होगी । धान की फसल कटनी शुरू हो गयी है । हमें लगता है कि जब फसल कट जाएगी और महाजन उसको ले लेगा तब यह प्राइस एनाउंस होगी । जो प्राइस एनाउंस ग्राप करने वाले थे और जिसके बारे में तै कर चुके थे, उस में विलम्ब क्यों किया जा रहा है । इसमें जल्दी करनी चाहिए ।

दूसरी जोनल सिस्टम को हटाने की बात कही गयी है । कुछ लोगों का कहना है कि इसको हटाना ठीक नहीं है । मैं उनकी भावना को समझता हूं । लेकिन मैं पूछता हूं कि जब ग्राप यह समझते हैं कि जोन से नुकसान है तो इस को हटाने में देरी क्यों की जा रही है, जोन के बारे में "रिव्यू ग्राफ फूड सिचुएशन" में कहा गया है :

> "One other factor is relevant. Recent experience in distribution has brought out certain unhealthy trends. The tendency of each State to look after its own interests intensifies the difficulties of 'deficit' States. A State may be deficit in one commodity but may be surplus in another. We have to view the whole country as a national market, for all commodities inclusive of foodgrains."

यह बहुत ग्रच्छा ग्राब्जर्वेशन है । लेकिन तै होने के बाद इन जोन्स को दूर क्यों नहीं किया जाता । मेरे ख्याल में यह भी उनके कारण नहीं हो रहा है जिन को ऊपर शार्क कहा गया है । ग्रगर ग्राज पंजाब, बिहार और यू० पी० को एक कर दिया जाए तो भाव गिर जाएंगे । लेकिन जिन होरडर्स ने चालीस और पचास के भाव पर होर्ड कर रखा है, उन को नुक्सान न हो शायद इसलिए ग्रगली फसल का इंतिजार किया जा रहा है । ग्रगर ग्रापने दिमाग में यह बात सही तौर पर है कि ये जोन नुक्सान कर रहे हैं तो ग्राज डिक्लेयर कीजिये कि इनको हटाया जाता है । उत्तरप्रदेश में इस समय ग्रन्न समस्या बड़ी कठिन है । ग्रगर उत्तर प्रदेश और पंजाब को एक कर दिया जाए तो हमारी बहुत समस्या हल हो सकती है, लेकिन ऐसा नहीं

[श्री सिंहासन सिंह]

हो रहा है। हमको ऐसा लगता है कि आज हमारा मामा शाह जो ऊपर बैठा है वह नहीं चाहता है कि जोन हटें। आज उत्तर प्रदेश में गहूं का भाव सौ रुपए और 110 रुपए प्रति क्विंटल हो गया है। कौन इतना महंगा खा सकता है। इसलिए जोन हटने चाहिए।

इसी तरह से फेयर प्राइस दुकानों की बात है। उत्तर प्रदेश का उदाहरण हमारे सामने है। फेयर प्राइस पर वहां गल्ला मिलना मुश्किल है। पहुंच नहीं रहा है। दुकान बन्द पड़ी हैं और कहीं पहुंचा भी है तो वहां कहा जाता है कि दिन में चार क्विंटल बेचेंगे, यानी दस मन। दस मन में जो हजारों आदमी खड़े हैं उनको कैसे दिया जा सकता है। यह दुर्गति है। बरअक्स इसके आप शहरों में देख। दिल्ली, कलकत्ता और बड़े बड़े शहरों को खिलाने का केन्द्रीय सरकार ने जिम्मा लिया है। यहां सस्ता गल्ला ढाई सेर तक मिल जाएगा लेकिन देहात में जहां एक गरीब आदमी की आमदनी एक रुपया या आठ आने है, उस के लिए सस्ते गल्ले की दुकान नहीं हैं। बम्बई शहर को खिलाया जाएगा। दिल्ली शहर को खिलाया जाएगा। कलकत्ता शहर को खिलाया जाएगा, कानपुर को खिलाया जाएगा। लेकिन बिहार के गांवों के जो मजदूर हैं उनको नहीं दिया जाएगा।

जितना गल्ला इम्पोर्ट हो कर आता है उस का आधा भाग शहरों में चला जाता है इस बहाने कि अगर शहरों को खिला लेंगे तो देहातों में गल्ला अपने आप सस्ता हो जाएगा लेकिन होता यह है कि देहातों का गल्ला भी शहरों में आ जाता है। तो फिर हमारे यहां क्या रहा। हमारे यहां देहात में शहर से जो गल्ला जाता है व मंहगा होता है।

अब मैं उत्तर प्रदेश के सम्बंध में कुछ कहना चाहता हूं और बतलाना चाहता हूं कि केन्द्र सरकार ने कितना अन्याय उत्तरप्रदेश के साथ किया है। इस साल उत्तर प्रदेश सरकार ने केन्द्र सरकार से कहा था कि जितना बाहर का गल्ला आप हम को दिया करते थे उससे एक लाख टन ज्यादा दो क्योंकि सन् 1961–1962 और 1962–63 के मुकाबले में उत्तर प्रदेश में गहूं की पैदावार 14 लाख टन कम हुई है। इस बात को केन्द्रीय सरकार भी मानती है कि उत्तर प्रदेश में पैदावार कम हुई थी। तो ईमानदारी का यह तकाजा था कि जब वहां गहूं की पैदावार इतनी कम हुई है तो उस प्रांत को जितना गेहूं पहले सप्लाई होता था उससे ज्यादा मिलना चाहिए, लेकिन हो क्या रहा है? अब तक केन्द्र सरकार पांच कैवाल टाउन्स और मेरठ और बरेली शहरों के लिए 20 हजार, 25 हजार टन गल्ला देती थी। 69 हजार टन आटा मिलों को आटा बनाने के लिए देती थी। उसके अलावा देहात आदि के लिए 50 हजार टन और दिया करते थ। इस तरह से कुल एक लाख 43 हजार टन गल्ला हमको केन्द्र सरकार पहले दिया करती थी। अब आप कहते हैं कि उत्तरप्रदेश से कि एक लाख पांच हजार टन ले लो। जब हमारे यहां गल्ला कम हुआ है तो आप पहले के मुकाबले हमको ३८ हजार टन कम दे रहे हैं। आप कहते हैं कि उत्तरप्रदेश सरकार मान गयी है। मानेगी नहीं तो क्या करेगी, देने वाले तो आप हैं मजबूरी है इसके बरअक्स और दूसरे राज्यों को ज्यादा दे रहे हैं। महाराष्ट्र का उदाहरण मैं आप के सामने रखना चाहता हूं। हमारी आबादी 8 करोड़ है और महाराष्ट्र की आबादी चार करोड़ है। उस में भी बम्बई शहर को खिलाने का जिम्मा केन्द्र सरकार ने ले रखा है, उसके अतिरिक्त आटा मिलों को गल्ला दिया जाता है और फिर भी महाराष्ट्र को एक लाख टन दिया जा रहा है। उन्होंने एक लाख टन मांगा और उनको एक लाख टन दिया जा रहा है और अगस्त महीने का गल्ला एडवांस में 15 हजार टन दे रहे हैं। लेकिन जो डेफिसिट एरिया है, जहां 14 लाख टन पैदावार कम हुई है और जिस एरिया में

बड़ी मंहगाई है उसको आप कम दे रहे हैं। यह कहां का न्याय है।

दूसरी बात मैं रोलिंग मिलों के बारे में कहना चाहता हूं। रोलिंग मिलों को सरकार बाहर से मंगाया हुआ गल्ला क्यों देती है ? इस की क्या जिम्मेदारी सरकार पर है ? जब लोगों ने रोलिंग मिस को खड़ा किया तो क्या लाईसेंस देते वक्त सरकार ने यह शर्तें मानी थी कि इन को सस्ता गल्ला सप्लाई किया जाएगा। सन् 1963 में जो बाहर से 4-1 मिलियन टन गल्ला आया उसमें से 1-9 टन हम को मिला और आटा मिलों को 1-9 टन मिला। आधा उनको देते हैं और कहते हैं कि आटा होर्ड नहीं किया जा सकता। ये आटा मिलें 25 पर सेंट तो मैदा और सूजी निकाल लेती हैं, इतना आटा कम हो जाता हैं। सरकार आटा मिलों को गेहूं देती है, आटा बनाने के लिए। आटे की लाइफ 15 दिन से ज्यादा की नहीं होती उसके बाद वह सड़ जाता है। अब पंजाब की मिलों को आटा पीसने को गेहूं दिया जा रहा है और वह आटा उत्तर प्रदेश में जाएगा। पंजाब का गेंहूं नहीं जाएगा। मैं गवर्नमेंट से निवेदन करना चाहता हूं कि आटा मलों को गेहूं देना बन्द किया जाए। हम गेंहूं को भिगो कर खा लेंगे, उस का भुजिया बना कर खा लेंगे लेकिन हमको जबरदस्ती सड़ा हुआ आटा खाने को न दिया जाए। लेकिन शायद विचार यह है कि आटा मिलों को फायदा हो।

**एक माननीय सदस्य** : ये इलैक्शन में मदद करेंगे।

**श्री सिंहासन सिंह** : हमें तो इलैक्शन की फिक्र नहीं है। हम तो एक पैसा भी खर्च नहीं करेंगे। गोरखपुर की जनता हमको जानती है, कोई हम से हमारी सीट नहीं छीन सकता। हम कहीं वोट मांगने नहीं जाते। अगर मैं व्यापारियों से रुपया लेता तो मैं इतनी हिम्मत से यहां बात नहीं करता। इसलिए मैं कहता हूं कि आटा मिलों को गेहूं देना बन्द किया जाए। अगर आप एसा नहीं करेंग तो जनता के साथ अन्याय होगा।

**श्री बृज राज सिंह** (बरेली) : उपाध्यक्ष महोदय, आज दो दिन से बराबर मैं अपनी बारी आने के इंतजार में बैठा रहा हूं और आप ने इस समय मुझे बोलने का जो अवसर दिया उसके लिये मैं आप का आभारी हूं।

अन्न की समस्या गम्भीर है, इधर उधर दोनों तरफ से भी कोई मतभेद इस मामले में नहीं है परन्तु मैं इन दो मतों से आगे बढ़ कर कहना चाहता हूं कि यह समस्या केवल गम्भीर ही नहीं वरन भयंकर हो उठी है और सरकार को यह चेतावनी देना चाहता हूं कि वह इस की गम्भीरता पर ध्यान न दे कर इस की भयानकता की ओर ध्यान दें।

मैंने यहां दोनों तरफ़ से लोगों को बोलते हुए सुना। बड़े जोर शोर से सदस्यों ने जो काश्तकार के हमदर्द हैं, इस तरफ़ के भी और उस तरफ़ के भी, उन लोगों ने बताया कि काश्तकार को अमुक, अमुक चीज मिलनी चाहिए और अमुक, अमुक सुविधा उसे मिलनी चाहिए। उसे खाद मिलनी चाहिए, पानी मिलना चाहिए और कर्जा मिलना चाहिए और न जाने क्या, क्या और उसे दिया जाना चाहिए ? परन्तु वह यह भूल गये कि मिलना चाहिए, एसा कह कर कोई काश्तकारों को भीख मिलनी चाहिए, एसी बात नहीं है। आप की ओर से जो भी भीख मिलेगी वह उसी करप्ट चैनेल के जरिए मिलेगी। जिसका कि भांडा फोड़ने के लिए हमारे नन्दा जी आज बिलबिला रहे हैं। आप किसानों को भीख के रूप में दीजियेगा भले ही लेकिन वह वहां पहुंचेगा नहीं। आप ने 17 वर्ष इस बात की कोशिश करते हुए बिता दिये कि काश्तकार के सुख के लिए अमुक अमुक चीज भेजो, परन्तु क्या कभी आपने यह देखने की भी कोशिश की कि वह चीजें उन तक पहुंची भी ? इसको देखने के लिए आप उनके पास कभी भी नहीं गये।

[श्री बृज राज सिंह]

उपाध्यक्ष महोदय, मैं निवेदन करूंगा कि इस सरकार ने यहां सदन में बैठ कर और बाहर भी अनेकों प्लेटफार्मों पर से बड़े बड़े आश्वासन काश्तकारों को दिये हैं, बड़े बड़े भरोसे काश्तकारों को दिलाये हैं, बड़ी बड़ी योजनाएं काश्तकारों के लिए बनाई हैं परन्तु उन्होंने इसे जाकर देखा नहीं कि उन बड़ी योजनाओं को जिन्हें कि आप ने जनता का खून चूस कर सफल बनाने का संकल्प लिया हुआ है और जिसको कि आप ने अपने लिए प्रतिष्ठा का विषय बना कर रखा हुआ है और यह कहा है कि हम अपनी योजनाएं सफल करके दिखा देंगे, क्या आप ने कभी यह देखा कि उन योजनाओं की सफलता से काश्तकार को जो कुछ सुख आदि आप पहुंचाना चाहते हैं वह क्या कभी उन तक पहुंचे हैं ? क्या उन सहूलियतों और सुखों को उन काश्तकारों तक पहुंचा सकने का रास्ता आज तक आप ने तय किया है ? मेरा दावा है कि उसे आज तक भी आप तय नहीं कर पाये हैं ।

भूमि सुधार के नाम पर इस सदन में जब जब अन्न की चर्चा हुई, जब जब खेती की चर्चा हुई तो बड़े बड़े उदाहरण इधर, उधर से विदेशों के दिए गये । उनकी ओर से एक नारा लगाया गया कि हम अपना भूमि सुधार करेंगे । भूमि सुधार का जब मैं जिक्र करता हूं तो मे देश की बात नहीं कहता, मैं अन्य प्रान्तों की बात भी नहीं करता परन्तु मैं अपने उत्तर प्रदेश की बात करता हूं जहां कि इस भूमि सुधार के नाम पर अच्छा खासा मैसाकर, अच्छा खासा कत्ले आम काश्तकार का किया है इस सरकार ने । मैं आपको बतलाऊं कि आज से नहीं बल्कि सन् 1952 से जब से आप ने भूमि सुधार के नाम पर यह नारा लगाया कि यह जमींदार जो बैठे हुए हैं यह भेड़िये हैं, यह तुम्हारा खून चूस कर तुम्हें खाये जा रहे हैं, इन भेड़ियों को हम हटा देंगे । सरकार ने काश्तकारों को एक आश्वासन दिया था । कि जिस दिन यह भेड़िये हट जायेंगे तो तुम्हारा रक्त चुसने से बच जाएगा और फिर तुम्हारा रक्त तुम्हारे शरीर का पोषण करेगा परन्तु मैं बड़ी विनम्रतापूर्वक इस सरकार से पूछना चाहूंगा कि क्या सचमुच उस काश्तकार के रक्त को उन भेड़ियों से बचा लिया गया ? यह ठीक है कि वह भेड़िये तो आप ने मार दिये लेकिन मैं समझता हूं कि वह मरे नहीं हैं और उनके दांत अब किसी दूसरी तिरफ को लपकने लगे हैं । हम तो देखते हैं कि उनका खून चूसने के लिये आपने दूसरी तरह के भेड़िये बना दिए हैं .....

**श्री त्यागी** : ऐसी बात मत करिए ।

**श्री बृजराज सिंह** : आज त्यागी जी को मेरी यह खरी बातें सुन कर तकलीफ हो रही है लेकिन मैं उनको विश्वास दिलाना चाहता हूं कि मैं जो बात कह रहा हूं वह सही बात है और समय रहते सरकार को सचेत हो जाना चाहिए । अभी जो बात उन्हें कड़वी लग रही है आगे चल कर वही उन्हें मीठी लगेगी ।

इनकी ओर से एक नारा यह लगाया गया कि काश्तकार को हम जमीन का मालिक बना देंगे । उस वक्त मैं भी कांग्रेस में था और मैंने भी जलूस निकाले थे और मैंने भी जगह जगह जाकर इसका उनमें प्रचार किया था । आल इंडिया कांग्रेस कमेटी ने जमींदारी एब्रोलीशन के वक्त मालगुजारी का दस गुना वसूल करने का एक आन्दोलन चलाया था । उन्होंने एक पर्चा शाया किया था जिसमें कि यह सब चीजें छपी थीं । एक स्त्री दिखाई गई थी जोकि चुंधरिया पहने हुए थी । उस वक्त यह गीत हम लोग गाते फिरते थे :—

"चुंधरिया सतरंग फड़कन लाग, सजन भये खेतवन के राजा ।" लेकिन हम ने बाद में क्या देखा ? चुंधरिया तो फड़की नहीं अलबत्ता चुंधरिया गायब जरूर हो गई और लाज बचना मुश्किल हो गया । आज हमरी अस्मत और इज्जत खतरे में पड़ गयी है ।

श्री त्यागी : ऐसी तीखी बातें कहने से क्या फायदा है ? श्राप अपनी बात को कहें ।

श्री बृजराज सिंह : त्यागी जी हमारे पिता जी के मित्रों में से रहे हैं इसलिए उनके प्रति मेरे दिल में बड़ा मान है और अगर वह नहीं चाहते तो मैं अब कड़वी व तीखी बात कहना बन्द कर दूंगा । मैं तीखी बात आगे नहीं कहूंगा । लेकिन इतना अवश्य कहूंगा कि आपने इस तरह के नारे लगा कर और वायदे कर के आज अपने प्रति किसानों के मन में जो विश्वास की मात्रा कम कर दी है, उस विश्वास को जब तक आप फिर से काश्तकारों में जाग्रत और जीवित नहीं करेंगे तब तक आप कितनी ही लम्बी चौड़ी बातें करिये, कितने ही नारे लगा लीजिये, कुछ नहीं बनने वाला है और किसानों में आप के प्रति विश्वास पैदा होने वाला नहीं है । सन् 63 में अपनी स्पीच में भले ही पाटिल साहब ने कहने को यह यह कहा कि हम फारमर्स ओरिऐंटेड पालिसी बना रहे हैं लेकिन मेरा कहना है कि सिर्फ यह ऐलान कर देने से कि हम फारमर्स ओरियेंटेशन पालिसी बना रहे हैं, फारमर्स को दरअसल कोई फायदा होने वाला नहीं है । उसके अन्दर हमें फिर से विश्वास की भावना कायम करनी होगी । अब हमारा कोई भी अस्त्र उन के ऊपर चलने वाला नहीं है ।

हमारे उत्तर प्रदेश में अभी लैंड कंसोलिडेशन के नाम पर, चकबन्दी के नाम पर क्या कुछ वहां पर किया गया है उसे बतलाने के लिये मुझे फिर कुछ कड़वी और तीखी बातों पर आना पड़ेगा, क्योंकि मैं खुद उसका जबरदस्त शिकार रहा हूं । मेरे मुंह में, आप ही बतलाइए, मिठास कहां से आ सकती है जबकि मेरे सारे दिमाग में कड़वाहट फैली हुई है और जबकि सरकार ने अपने ऐसे कानूनों से मेरे सारे शरीर के अन्दर एक जहर सा भर दिया है लेकिन चूंकि मैं ने त्यागी जी से वायदा किया है इसलिये इसमें मैं आगे नहीं जाऊंगा और इसको यहीं पर छोड़े देता हूं । चकबन्दी के नाम पर दूसरा धोखा दिया गया और चक बांट दिये गये परन्तु हमें जो पहले यह आश्वासन दिया गया था कि 40 वर्ष तक हम कोई नया भूमि सुधार करने वाले नहीं हैं, कोई नया लैंड सैटिलमैंट करने वाले नहीं हैं वह आश्वासन तो अपनी जगह पर खंडित हो ही चुका । अब क्या हो रहा है ? बरेली के नजदीक रबड़ फैक्टरी बनना बहुत जरूरी है और रबड़ फैक्टरी असल रबड़ की नहीं बल्कि सिंथैटिक रबड़ की बननी जरूरी है । अब मालूम नहीं वह रबड़ खाने के काम में आता है, मालूम नहीं उस रबड़ से कितने मिनिस्टरों के पेट भरते होंगे या नहीं भरते होंगे परन्तु उस रबड़ फैक्टरी का बनना बड़ा जरुरी है क्योंकि बम्बई के एक सेठ उसे बना रहे हैं । उसने एक लाख रुपया कलक्टर को दे दिया और एक भारी थैला मुख्य मंत्री श्री गुप्त को तो अब एसी हालत में उसे फैक्टरी वहां पर बनाने से कौन रोक सकता है ? जाहिर है कि काश्तकारों की जमीनें इस के लिये छीनी जायेंगी . . .



**Shri Sheo Narain** (Bansi): On a point of order. श्री बजराज सिंह ने अभी मुख्य मंत्री श्री गुप्त का नाम लिया कि उस सेठ ने उन्हें एक करोड़ रुपया दिया तो मैं उनसे पूछना चाहूंगा कि इसका उनके पास आखिर क्या सबूत है ? ऐसा आरोप लगाने से पहले उन्हें इसका सबूत आप के सामने पेश करना चाहिए ।

**Shri Onkar Lal Berwa:** No point of order.

**Shri Sheo Narain:** Why not?

**Shri U. M. Trivedi** (Mandsaur): On a point of order. When a speech is going on, any point of order must be on a point that has been raised by the speaker and not for the purpose of taking up cudgels on behalf of a political. personality. There is no point of order. He is disturbing the hon. Member.

**श्री शिव नारायण** : उन्होंने श्री गुप्त का नाम लिया कि उनको वह रुपया दिया गया. . . .

**श्री उ० मू० त्रिवेदी** : बैठ जाइये । कोई प्वाइंट आफ आर्डर नहीं है ।

**श्री बृजराज सिंह** : मैं निवेदन करूंगा कि त्यागी जी उन्हें बन्द करायें । उन्हें सबूत देना या कनविंस करना बड़ा मुश्किल है लेकिन मैं आपको दे सकूंगा । सबूत और दलील देना मेरा काम है । लेकिन दलील और सबूत को समझाने के लिये बुद्धि देना मेरा काम नहीं है । जिनके पास बुद्धि नहीं है, अगर आप उनको चुनौती देने का अवसर देंगे, तो मैं उन को बुद्धि तो दे नहीं सकता । मैं इस बात को सिद्ध करने की जिम्मेदारी सरकार पर छोड़ता हूं कि वह इस बात को देखे कि मुख्य मंत्री, श्री गुप्ता, को भेंट दी गई या नहीं । खुले खजाने रबर फैक्टरी के मैदान पर थैली भेंट की गई उनको । किस नाम से भेंट की गई, यह आवरण तो हम भी जानते हैं । माननीय सदस्य सुन लें, समझ लें और अगर उनकी समझ में नहीं आता है, तो वह किसी से बुद्धि मांग लें, लेकिन वह बीच में न बोलें ।

**श्री शिव नारायण** : बुद्धि का खजाना तो माननीय सदस्य के पास ही है ।

**श्री बृजराज सिंह** : काश्तकार को हमेशा इस बात का खतरा बना रहता है कि कोई मोटा घड़ियाल किसी मंत्री को प्रलोभन में डाल कर इस बात का प्रयत्न करेगा और उसकी जमीन चली आयेगी । सरकार ने संविधान में जो सत्रहवां और उन्नीसवां संशोधन किया है, उसने कितना बड़ा ब्लो, झटका, काश्तकार को दिया है, यदि इस बात को देखना है, तो गांवों में जाकर देख लीजिए ।

मैं एक काश्तकार का बेटा हूं । जिस दिन से मैं यहां पर चुन कर आया हूं, उस दिन से मेरे हृदय में कष्ट रहा है । क्या आज कोई नई बात कही जा रही है ? 1952 के बजट सेशन में यही बातें कही गई और आज सन् 1964 के इस सत्र में भी वही बातें कही जा रही हैं । जो सुझाव दिये जा रहे हैं, वे कोई नए नहीं हैं । पिछली खराबियां बताई जाती हैं और आगे के लिये चेतावनी दी जाती है । लेकिन क्या उन पर अमल होता है? उन पर कोई अमल नहीं होता है । मैं आज जो चेतावनी दे रहा हूं कल वह बेकार हो जाती है । अपनी कुर्सी कायम रखने के लिये आज केवल एक बात की आवश्यकता है कि जो हो गया, उस पर राख डालो, जो हो रहा है, उसको हम देख रहे हैं और कमेटी मुकर्रर कर रहे हैं और जो होने वाला है, वह हम से अच्छा कोई दूसरा नहीं कर सकता है । हम इस बात को जनता को बताने की क्षमता रखते हैं, इससे हमारी कुर्सियां कायम रहती हैं और इसलिए कुछ भी करने की आवश्यकता नहीं है ।

आज उत्तर प्रदेश की वस्तुस्थिति क्या है ? मैं जिस क्षेत्र का रहने वाला हूं—बरेली का—, वह न तो पूर्वी उत्तर प्रदेश में है, जिस की स्थिति बहुत गई बीती है और न वह पश्चिमी उत्तर प्रदेश में है, जिस की स्थिति कुछ अच्छी है । वह दोनों के बीच का क्षेत्र है और यदि उसकी स्थिति को उस प्रदेश की ऐवेरेज स्थिति मान लिया जाये, तो कोई बुरा नहीं होगा । यदि इस सदन में सौगन्ध खाना जरूरी होता हो, तो मैं सौगन्ध खाता हूं कि मेरे क्षेत्र में कई परिवार चार चार, पांच पांच दिन तक केवल शीरा, केवल शीरे का शरबत पी कर रहते हैं और उस के बाद जब उनके बच्चे मीठा . . . . .

**उपाध्यक्ष महोदय** : अब माननीय सदस्य खत्म करने का प्रयत्न करें ।

**श्री बृज राज सिंह** : उपाध्यक्ष महोदय, अभी तक शुरूआत भी नहीं हो सकी है । अभी तो मैं कुछ भी नहीं कह सका हूं ।

**उपाध्यक्ष महोदय:** माननीय सदस्य दो तीन मिनट में खत्म कर दें।

**श्री बृजराज सिंह** : खाद्य समस्या को आप लोग मजाक समझते हैं। यह प्रोसीड्यूर के बीच दाब दी जाती है। खाद्य समस्या पर चर्चा प्रोसीड्यर के बीच में आ जाती है। 1952 में फूलबाग में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के एक कैमरा मीटिंग हो रही थी। त्यागी जी उस में मौजूद थे। मैं उस वक्त प्रदेश कांग्रस कमेटी का मेम्बर था। पंडित नेहरू ने उस समय कहा था कि दस गुना जमा करने के सबंध में मैं सरकारी मशीनरी पर विश्वास नहीं करता हूं। उन्होंने कहा था कि आज भारत का प्रधान मंत्री खड़ा हो कर आप के सामने मजबूरी की दशा में कहता है कि एसी भी भयंकर चीज होती है, जिससे प्रधान मंत्री डरता है। दो मिनट तक सकता छाया रहा। लोग बचैन रहे कि आखिर ऐसी क्या चीज हो सकती है, जिस से हिन्दुस्तान का प्रधान मंत्री डरता है। पंडित नेहरू ने कहा कि वह चीज है प्रापर चैनल, जिस से मैं डरता हूं और इस लिये मैं आप से अपील करता हूं कि दस गुना जमा करने की जिम्मेदारी सरकारी नौकरों पर नही छोड़ी जा सकती है, वह जिम्मेदारी आप ओढ़ें, आप जमा करें। वह जानते थे कि प्रोसीड्यर किम तरह किमी चीज को दबा देता है।

आज मैं देख रहा हूं कि जब कि सारे भारतवर्ष में त्राहि-त्राहि मच रही है, लेकिन प्रोसीड्यर कहता है कि अमुक व्यक्ति को दस मिनट से ज्यादा समय नहीं मिलगा, बैठ जाओ। अगर आप सुनना नहीं चाहते हैं, तो हम बैठ जाते हैं।

**श्री त्यागी** : माननीय सदस्य कह रहे थे कि वहां पर लोग शीरा पीते हैं।

**श्री बृजराज सिंह** : उसके बाद वे अपना मुंह नमकीन करने के लिय घुंइयां खाते हैं।

परन्तु फिर भी सरकार ने काश्तकार पर आरोप लगाया है। सरकार के जितने भी अधिवेशन होते हैं, जितनी भी एक्सपर्ट कमेटी आती हैं, वे सब यह आरोप लगाती हैं कि काश्तकार ने होर्डिंग कर लिया है। अगर उन्होंने होर्डिंग करा है तो क्या रास्ते बन्द हो गए हैं कि वहां पर फौज या पुलिस नहीं जा सकती है? यहां पर सरकार को मिलिटरी रखनी पड़ती है। वहां पर तो पुलिस के दो सिपाही काफी हैं। वे लोग तो अब भी रात-दिन तलाशी लिया करते हैं। सरकार उन लोगों की तलाशी लिवा कर देख ले कि किस ने होर्डिंग की है। यहां पर भवनों और मंडपों में बैठ कर काश्तकारों पर कीचड़ उछालना उनकी तौहीन करना है। यह तौहीन काश्तकारों को प्रोत्साहन नहीं देगी, बल्कि उनके मनोबल को तोड़ देगी और इससे उनके मन में एक प्रकार की बचैनी आएगी।

**श्रीमती जयाबेन शाह** (अमरेली) : वह तो माननीय सदस्य पैदा कर रहे हैं।

**श्री बृजराज सिंह** : मैं उस पर अभी आता हूं।

काश्तकार के लिये महंगाई बढ़ी, तो सरकार ने भी बीज देना बन्द कर दिया। पहले बीज सवाए पर दिये जाते थे कि अगर एक मन बीज लो तो सवा मन दे जाना। अब सरकार कहती है कि हम तो अब बड़ा बढ़िया बीज मंगा रहे हैं, जो हिन्दुस्तान में नहीं होता है और हम उसको सवाए पर नहीं दे सकते। हमने आस्ट्रेलिया, अमरीका और [illegible] का गेहूं खाया, लेकिन हमें वह कभी अच्छा नहीं लगा। लेकिन सरकार अब कहती है कि लाओ नकद पैसा और बीज खरीद कर ले जाओ। क्या यह गल्ला बढ़ाने का तरीका है या गल्ला घटाने का तरीका है? इससे गल्ला बढ़ेगा नहीं घटेगा।

थोड़े से सुझाव देकर मैं समाप्त करता हूं। मुख्य मंत्रियों की कांग्रेस में आश्वासन के रूप में यह कहा गया—त्यागी जी जानते होंगे—कि हम प्रशासनिक खर्च में 70, 80

[श्री बृजराज सिंह]

करोड़ रुपये की कमी करेंगे । परन्तु अभी तक किसी की तरफ से भी खर्च की कमी डिक्लेयर नहीं हुई है । कहीं पर भी, किसी भी प्रान्त को या केन्द्र को इस बिलबिलाहट से कोई परेशानी नहीं हुई है और इस महंगाई का कोई असर उन पर नहीं पड़ा ।

क्या इस बात की जिम्मेदारी आपोजीशन पर है कि हम सरकार के खर्चे में कमी करें । अगर सरकार खर्च में कमी नहीं करेगी, तो इन्फ्लेशन बढ़ेगा । सरकार उपभोक्ता चीजें पैदा नहीं कर सकती और इस लिए भाव बढ़ रहे हैं । इस का नतीजा वही है, जो कि आज हो रहा है ।

नेहरू जी के बारे में जनता ने एक राय कायम कर ली थी कि वह स्वप्न-लोक में रहते हैं और उन के विचार इतने ऊंचे थे कि वे हिन्दुस्तान पर लागू नहीं हो सकते । शास्त्री जी की गवर्नमेंट से यह आशा की जा सकती है, क्योंकि उन्होंने लाल किले पर खड़े हो कर जमीन की समस्याओं की बात की, हमारे देश की समस्याओं की बात की, छोटी बातें लोगों के सामने रखीं । हम आशा करते थे कि उन की सरकार वस्तु-स्थिति को देखेगी और हम अब भी आशा करते हैं कि यदि उन्होंने वस्तु-स्थिति को देखा तो इस में सन्देह नहीं कि हम अपना कुछ सुधार कर सकेंगे । परन्तु अभी उन का शासन आ नहीं गया था कि तीन महीने में हमारे यहां भुखमरी पैदा हो गई । इस सम्बन्ध में आपोजीशन को बुलाया गया । उस के बाद हमारे मुख्य मंत्री ने कहा कि हम किसी प्रकार का उपद्रवकारी आन्दोलन नहीं चाहते । और पार्टियों के बारे में मैं नहीं जानता, लेकिन मैं जनसंघ के बारे में विश्वास के साथ बता सकता हूं कि हम को कभी उपद्रवकारी आन्दोलन कर के कोई आनन्द नहीं आता है । हमें बड़ा दुख लगता है जिस समय भी हम को आन्दोलन करना पड़ता है । हमें बड़ा दुख लगता है जब हम देखते हैं कि हमारे आन्दोलन करने से कुछ गड़बड़ देश में मचेगी । कई बार तो इस प्रकार का निर्णय हमें मजबूर हो करके लेना पड़ता है । नो-कान्फिडेंस मोशन यहां पर आई है । उसके बारे में भी मैं बता देना चाहता हूं कि बड़े दुख के साथ और बड़े कष्ट के साथ हम ने यह निर्णय लिया है कि हम आप के खिलाफ अविश्वास का प्रस्ताव लायें । हम चाहते थे कि अविश्वास का प्रस्ताव न लाया जाए । हम चाहते थे कि कोई आन्दोलन न किया जाए । लेकिन मैं आप लोगों से ही पूछता हूं कि हम लोग करें तो क्या करें । आप ही हमें कोई रास्ता बता दें । मैं कुछ सुझाव दे कर ही अपना भाषण समाप्त कर दूंगा । मैं उनको इलैबोरेट करना चाहता था लेकिन चूंकि समय नहीं है इसलिए मैं सुझाव दे कर ही समाप्त कर दूंगा ।

~~15 hrs.~~

पहला मेरा सुझाव यह है कि पांच एकड़ तक जमीन जिस के पास है उसको आप छोड़ दें, ईश्वर के लिए छोड़ दें । उससे आप लगान न लें . .

**श्री हुकम चन्द कछवाय** (देवास) : इसका पेट कैसे भरेगा ?

**श्री बृजराज सिंह** : वह सब छोड़ दीजिये ।

हमारे पाटिल साहब ने 70 और 30 के जो आंकड़े बताये थे, वे पुराने पड़ गये हैं । उन पर भरोसा नहीं किया जाना चाहिये । शहरी जनता अब केवल 18 प्रतिशत है । इस 18 परसेंट को

अगर निकाल दिया जाए तो आप देख सकते हैं कि बाकी कितनी रह जाती है। मैं तो हिसाब में कमजोर हूं। वह जो बाकी रह जाती है वह मर रही है। लेकिन इस 18 परसेंट के बारे में मेरा निवेदन यह है कि आप इसको सबसिडाइजड कर दीजिये, इसको आप गेहूं सबसिडाइज्ड रेट्स पर दे दीजिये। आपको बड़ा आसान होगा। जितने भी डिपार्टमेंटस हैं गवर्नमेंट के वे उसी तरह से सबसिडाइज्ड रेट्स पर उनको अन्न आदि दें जैसे रेलवे में दिया जा रहा था जितनी फैक्ट्रीज हैं, उनके मालिकों को आप मजबूर करें कि वे अपने मजदूरों को अन्न आदि सबसिडाइज्ड रेट्स पर दें। जितनी कारपोरेशंज हैं जितनी प्राइवेट इंडस्ट्रीज हैं, उन से भी आप कहें कि वे अपने कर्मचारियों को सबसिडाइज्ड रेट्स पर दें, सबसिडाइज करके दें। पैसा आप मत बढ़ाइये। आप दो परसेंट पैसा बढ़ाते हैं तो उसका नतीजा यह होता है कि चार परसेंट कीमतें बढ़ जाती हैं।

एक सुझाव मेरा यह है कि किसान को आप रिम्युनरेटिव प्राइस दीजिये। नारा मात्र लगा देने से काम नहीं चल सकता है। यह नारा तो आप उस वक्त लगाते हैं जिस वक्त रिम्युनरेटिव प्राइसिस जो हैं वे मोटे पेट वाले को मिल रही होती हैं, जिस वक्त बाकी लोग चिंघाड़ रहे होते हैं, चिल्ला रहे होते हैं कि कीमतें बढ़ गई हैं तो सरकार उससे पहले चेत जाती है लेकिन जब काश्तकार का गल्ला उसके घर में आने वाला होता है उस वक्त वह रुक कर कीमतों को बैठ जाती है। तब हमारे मंत्रीगण बड़ी शान से कहते हैं कि उन्होंने यों किया है, त्यों किया है लेकिन वास्तव में वे कीमतों को घसीट कर नीचे रख देते हैं। तीन साल से यही हो रहा है। इस साल इस चीज को आप दोहरायें नहीं। उसके पास पैसा आप पहुंचने दीजिये। उसके पास पैसा पहुंच जायेगा तो कोई खराबी नहीं हो जाएगी। ब्लाक्स इत्यादि के जरिये आप करोड़ों रुपया खर्च कर रहे हैं। ये साधन वे स्वयं पैदा कर लेंगे इज्जत से पैदा कर लेंगे और इज्जत से कमाई कर लेंगे और इज्जत से बचा भी लेंगे। बीच में जब आप इस तरह की एजेंसी को डाल देते हैं तो पैसे की चोरी भी होती है और उसकी मनःस्थिति भी खराब होती है और नतीजा यह होता है कि काम में उसका मन नहीं लगता है।

लैंड रिफार्म्स के नाम पर आप जो कुछ भी कर रहे हैं, उसको कृपा करके बन्द कर दीजिये। काश्तकार को वैसा मत कहिये जैसा हमारी उत्तर प्रदेश की सरकार ने कहा है कि चालीस बरस तक तुम्हारा कोई सैटलमेंट नहीं करेंगे। अब की बार केन्द्र से एक बार आप यह कह दीजिये कि इस स्टेज तक पहुंचने के बाद फिर लैंड रिफार्म नहीं होगा।

मैं अपनी स्पीचिज में सुझाव एक देता आ रहा हूं और उसको मैं इस बार भी दोहरा देना चाहता हूं। आप सब चीज को स्टेट्स पर न छोड़ दें वर्ना जहां अच्छी बातें आने वाली हैं वहां बुराइयां भी आने वाली हैं। मैं मानता हूं कि सभी स्टेटस की अलग अलग स्थिति है, अलग अलग उनकी समस्यायें हैं, अलग अलग उनके काम करने के तरीके हैं और अलग अलग खराबियां भी हैं। मैं चाहता हूं कि कोई एक कंट्रोल सैंटर लगाये क्योंकि सरकार के साथ जो पहला कर्त्तव्य जुड़ा हुआ है वह है शासितों को अन्न देना। अन्न देना, महंगा या सस्ता और इज्जत से देना। इस कर्त्तव्य को अगर आपने फेंक दिया प्रान्तीय सरकारों के ऊपर या किसी और के ऊपर तो समझ

[श्री बृजराज सिंह]

लीजिये, खराबियां ही खराबियां पैदा होंगी ।

कांग्रेस सरकार ने, हमारे कांग्रेस के भाइयों ने बड़े बड़े त्याग किये हैं, फांसियों पर लटके हैं, जेलें भुगती हैं, तथा दूसरे तरह तरह के त्याग किये हैं । मैं चाहता हूं कि ये एक और त्याग कर दें इस देश की भलाई के लिए और वह त्याग है कि आप इस्तीफा दे दीजिये

श्री त्यागी : आदमी तो अच्छे हो, खराब सोहबत में चले गये हो ।

श्री हुकम चन्द कछवाय : आप से सीखा था ।

श्रीमती जयाबेन शाह : फूड सिचुएशन के बारे में इस सदन में पिछले दो तीन दिन से चर्चा हो रही है और कुछ अच्छे अच्छे सुझाव भी इस सम्बन्ध में दिये गये हैं । जिन जिन माननीय सदस्यों ने जो जो सुझाव दिये हैं उनके पीछे उनका अपना अपना मोटिव रहा है, सब का एक ही मोटिव नहीं रहा है । इधर उधर की बहुत सी बातें उन्होंने यहां पर रखी हैं । उन सब बातों को मैं कहना नहीं चाहती हूं । मेरे से पहले जो वक्ता बोले हैं उन से मैं एक बात कहना चाहती हूं । उन्होंने भूमि सुधारों का जिक्र किया है । उनसे उलटी बात मैं कहती हूं । उन से उलटा ही इस सम्बन्ध में हमारा अनुभव रहा है । जिस प्रान्त से मैं आ रही हूं गुजरात के सौराष्ट्र भाग से, वहां पर लैंड रिफार्म्स से कितना लाभ हुआ है अगर वह तकलीफ करके वहां जा कर देखें तो उनको पता चल जाएगा कि लैंड रिफार्म्स क्या चीज है और इससे कितना बड़ा लाभ हुआ है लोगों को । उन्होंने उत्तर प्रदेश का उल्लेख किया है और कहा है कि वहां पर ऐसा हुआ है और वैसा हुआ है । मैं कहना चाहती हूं कि लैंड रिफार्म्स असली चीज है जिस को हमें करना है अगर हम आगे बढ़ना चाहते हैं तो । अगर हम इस तरफ नहीं बढ़ेंगे । तो मैं समझती हूं कि जो न्याय हम लोगों के साथ करना चाहते हैं वह नहीं हो सकेगा । इस विषय पर मैं और अधिक कुछ नहीं कहना चाहती हूं और अधिक समय इस पर नहीं लगाना चाहती हूं ।

आज जो सिचुएशन पैदा हुई है इसके बहुत से कारण हो सकते हैं । कोई कहता है कि डिस्ट्रिब्यूशन अच्छा नहीं है, कोई कहता है कि होर्डिंग हुआ है । इस तरह, की बहुत सी बातें कही गई हैं । लेकिन मैं एक बुनियादी बात कहना चाहती हूं । मेरा विचार यह है कि हमारा प्लानिंग ठीक नहीं है, उस में कुछ कमी रही है । यही कारण है कि पन्द्रह साल के बाद भी हम इस स्थिति पर इस सिचुएशन में फंसे हुए अपने को पाते हैं । यह कोई नई चीज नहीं है । फर्स्ट प्लान में हमने एग्रिकलचर पर अधिक जोर दिया था । उसके बाद जो एम्फेसिस था वह कुछ शिफ्ट हो गया और हम ने इंडस्ट्री पर ज्यादा जोर देना शुरू कर दिया । इंडस्ट्री पर भी जरूर जोर दिया जाए, यह मैं मानती हूं । ऐसी बात नहीं है कि मैं इंडस्ट्री के खिलाफ हूं । एग्रिकलचर वर्सिस इंडस्ट्री वाली कोई बात नहीं है । लेकिन हमें देखना होगा कि हमारा लक्ष्य क्या है, प्राइमरी चीज क्या है जिसको हम हासिल करना चाहते हैं । सब से पहली बात जहां तक मैं समझती हूं यह है कि खाद्यान्न के मामले में हम अपने देश को सैल्फ-सफिशेंट बनायें, खाद्यान्नों की कमी को दूर करें । अगर इस बात पर हम कोई फैसला कर लें तो, आगे जो हमारा रास्ता है, वह साफ

हो जाएगा । अगर ऐसा नहीं होता है तो यह जो मुसीबत है, यह आज तो टल जाएगी लेकिन कल फिर इसी तरह से और इसी रूप में हमारे सामने आकर खड़ी हो जाएगी । अगर हम इस मुसीबत को हल नहीं कर पायेंगे, इस मुश्किल से पार नहीं हो पायेंगे तो हमारे देश में एक तूफान मच सकता है और तब उस तूफान को बस में करना बड़ा मुश्किल हो जाएगा । अगर हम इससे पार पा गये तो कम्युनिस्ट और सोशलिस्ट जो भारत बन्द आदि के नारे लगाते हैं, वे अपने इन प्रयत्नों में सफल नहीं हो पायेंगे ।

सैल्फ-सफिशेंट होना कोई बहुत मुश्किल चीज नहीं है । यह कोई बहुत बड़ी चीज नहीं है । हमारा विशाल देश है । 80 परसेंट जनता एग्रिकलचर बायस्ड है । उसको कुछ सिखाने की जरूरत नहीं है । वह स्वयं जानती है कि किस तरह से पैदावार बढ़ाई जा सकती है । इसके लिए फारेन एक्सचेंज की भी जरूरत नहीं है । इधर उधर से कुछ मांगना भी नहीं है । छोटी मोटी कुछ चीजों को ही करने की जरूरत है । खाद, फर्टिलाइजर, माइनर इरिगेशन वगैरह का प्रबन्ध हो जाए तो उत्पादन बढ़ सकता है । बड़ी बड़ी स्कीम्ज जो हैं यह तो चलती ही रहेंगी । वे होनी भी चाहियें । लेकिन जब ऐसा क्राइसिस पैदा हो गया है तो मैं कहूंगी कि अगर हमें दर्म्यान में ही किसी बड़ी स्कीम को ससपेंड करना पड़े तो उसको करने के लिए भी हमें तैयार रहना चाहिये, वैसा भी हमें कर देना चाहिये । हम छोटी छोटी माइनर इरिगेशन स्कीम्ज को हाथ में लें, नए नए कुयें खुदवायें । ट्यूबवैल्ज से कितना काम बनता है, यह सब लोग जानते हैं । हमारा एम्फैसिस जो आज इंडस्ट्री पर है उसे थोड़ा हटना चाहिये और जो असली बातें हैं जिन से सब का लाभ हो सकता है उस पर आ जाना चाहिये ।

आज यहां पर वितरण व्यवस्था की बात हुई । वितरण की व्यवस्था सही होनी चाहिये । मैं डेफिसिट स्टेट गुजरात से आती हूं । मेरा अनुभव है कि जो जोनबन्दी हुई है उस से देश को भारी नुकसान हुआ है । आज हम रोज छोटी मोटी बातों को ले कर कहते हैं कि देश एक है, जनता एक है और उस एकता को हमें बढ़ाना है । फिर इस जोनबन्दी से एकता को भारी धक्का पहुंचा है । गुजरात में और महाराष्ट्र में जो गहूं के दाम बढ़े उस का कोई भी नमूना मैं ने भूतकाल में नहीं देखा । गहूं के दाम गुजरात, महाराष्ट्र में 100 रु० से ले कर 130 रु० पर क्विन्टल तक रहे जब कि पंजाब में वह दाम बहुत कम रहे । इतने दाम बढ़ जायें यह बड़ी अजीब सी बात हैं । मेरी प्रार्थना है कि इस चीज पर जल्दी से जल्दी विचार करना चाहिये और जोन्स को जल्दी खतम करना चाहिये । यह चीज अब नहीं चलनी चाहिये ।

दूसरी बात आज यह कही जाती है कि हम प्रोडक्शन बढ़ाना चाहते हैं तो जब तक अन्न का एक्स्पोर्ट चलेगा तब तक दाम कम नहीं हो सकता है । हम अपनी चीजों का कुछ परसेन्टेज एक्सपोर्ट करते हैं । मैं ने फूड मिनिस्ट्री की आखिरी रिपोर्ट में पढ़ा कि हम ने दालों को भी एक्सपोर्ट किया है । हमारे गुजरात में मूंग की दाल और चने की दाल का आज क्या दाम है । वह काफी महंगी हैं । 25 रुपये का 20 किलो मिलता है । ऐसी हालत में हम कैसे उस का एक्सपोर्ट कर सकते हैं । हम ग्राउन्ड नट आयल का एक्सपोर्ट करते हैं, ग्राउन्ड नट का एक्सपोर्ट करते हैं । उस से हम को 30 करोड़ रुपया फारेन एक्सचेंज का मिलता है । मैं कहती हूं कि हम को फारेन एक्स्चेन्ज लाना है । इस में कोई दो रायें नहीं हैं, लेकिन खाने के सम्बन्ध

[श्रीमती उषाबेन शाह]

जो प्राइमरी नेसिसिटीज हैं जिनसे जनता का काम चलता है, उन को हम एक्सपोर्ट नहीं कर सकते हैं । यहां से बाहर ऐसी चीजों का एक्सपोर्ट सस्ती करने से यहां पर उन का दाम बहुत बढ़ जाता है । इस लिये कुल एक्सपोर्ट में से जो दो चार खाने की चीजें हैं उन को निकाल देना चाहिये नहीं तो प्रोड्यूस ज्यादा होते हुए भी चीजों के दाम बढ़ते रहेंगे ।

इस के बाद कहा जाता है कि प्राइस क्या हो। इस बारे में भी मैं काश्तकारों के फेवर में हूं । लेकिन लावी बनाना अच्छा नहीं है । हम भी सारी जनता के रिप्रेजेन्टेटिव्ज हैं । लोग कहते हैं कि काश्तकारों को रेम्यूनरेटिव प्राइस मिलनी चाहिये। यह बात तो पक्की है कि मिलनी चाहिये । इस में कोई डिफरेन्स आफ ओपीनियन नहीं हो सकता । मगर हम देखते हैं कि जब ज्यादा प्रोडक्शन की बात हम करते हैं तो किसानों के अपने दिल में शंका पैदा हो जाती है कि अगर ज्यादा प्रोडक्शन होगा तो दाम कम हो जायेंगे और हम जो मेहनत करते हैं वह बरबाद हो जायेगी । थोड़ी मेहनत करने से भी दाम ऊंचे रहेंगे और उतना ही रेम्यूनरेटिव मुनाफा मिलता रहेगा । यह बात इसलिये है कि वे लोग एक नैशनल प्वाइंट आफ व्यू से नहीं देख सकते हैं । मैं कहना चाहती हूं कि हमें कास्ट आफ प्रोडक्शन भी देखना चाहिये और फ्लोर प्राइस को भी मुकर्र करना चाहिये । लेकिन यह आसान चीज नहीं है । देश के कोने कोने में प्राइस के काम को हाथ में लेना होगा इसलिये हम को एक बढ़िया ऐडमिनिस्ट्रेशन बनाना चाहिये । ताकि अपनी पालिसी को हम अगले मौसम में कार्यान्वित कर सकें । इस साल प्रोडक्शन ज्यादा अच्छा आयेगा और प्रोडक्शन बढ़ सकता है, लेकिन जब किसान लोग देखेंगे कि उससे कोई फायदा नहीं है तो वे अगले साल उस काम में नहीं लगेंगे और प्रोडक्शन नहीं करेंगे । इसलिये इसके बारे में बहुत तफसील से प्रोग्राम बना कर इस पर विचार करना चाहिये ।

इसके बाद चौथी बात डिस्ट्रिब्यूशन की है । डिस्ट्रिब्यूशन के बारे में मैं कहना चाहती हूं कि चाहे जितनी एफिशिएन्ट व्यवस्था आप डिस्ट्रिब्यूशन की कर दें, आज तक नहीं हुई लेकिन अगर आगे कर भी दें, तो भी जहां तक हिन्दुस्तान में गल्ले के डिस्ट्रिब्यूशन का सम्बंध है, उस में पूरी एफिशिएन्सी और सफलता होने वाली नहीं है क्योंकि सप्लाई कम है और डिमान्ड ज्यादा है । इस सीमा तक तो हम को देश में राशनिंग को लाना ही चाहिये। मगर हम लोग ऐसा करने में डरते हैं । आज तक का हमारा अनुभव है कि जो चीज हम चलाते हैं उस का परिणाम ऐसा होता है कि करप्शन बढ़ता है और लोग उससे नफरत करते हैं । यह बात जरूरी नहीं है कि इस को छोड़ दिया जाये लेकिन इस सन्दर्भ में ऐसी कार्रवाई मुश्किल है । इसलिये देश भर में फेअर प्राइस शाप्स बनाई जानी चाहियें जिसमें लोगों को समय पर अनाज मिल सके । यह नहीं होना चाहिये कि लोग जा कर क्यू में खड़े रहें, सुबह से शाम तक एक कीलो गेहूं या एक किलो गुड़ के लिये, हमें ऐसी बातों से शर्मिन्दा होना पड़ता है । जहां पर फेअर प्राइस शाप्स हैं वहां पर लिख दिया जाना चाहिये कि इस नम्बर से इस नम्बर तक आज मिलेगा । यह नहीं होना चाहिये कि 1 सेर से ले कर 500 नम्बर तक लोग लाइन बनायें खड़े रहें रोज चाहे नम्बर आये या न आये । 500 आदमियों को तो एक दिन में अनाज मिलने वाला नहीं है । इसलिये फेअर प्राइस शाप्स को अगर ठीक से चलाना है तो उस के लिये पक्की व्यवस्था होनी चाहिये। अक्सर लोग कहते हैं कि सिर्फ शहरों में ही फेअर प्राइस होनी चाहिये, गांवों में नहीं । लेकिन मैं कहना चाहती हूं कि देहातों में

20 से लेकर 30 परसेंट तक जनता ऐसी है जिन के पास खेती नहीं है जिन के पास अपना धंधा नहीं है । वे लोग आखिर कहां से गल्ला पायेंगे ।

ऐसा भी होता है कि जिन लो ों के पास मनी क्राप्स होती हैं ऐसे बहुत से लोगों के पास भी आनाज नहीं होता है । हो सकता है ऐसी हालत को देख कर वे मनी क्राप्स में कमी कर दें । वह बन्द हो सकती हैं, लेकिन इसके बारे में कोई नेशनल पालिसी होनी चाहिये । हमारे देश को काटन चाहिये, इसके लिये प्लैनिंग होनी चाहिये, हम को ग्राउन्ड नट्स चाहिये । अगर चाहिये तो जिस जमीन पर ज्यादा से ज्यादा उस की उपज हो सके वहां पर उगाना चाहिये । यह नहीं होना चाहिये कि सब जगह पर या तो कैश क्राप्स लगायें या अनाज उगायें । इसके लिये अगर कोई पालिसी हो जाये तो अच्छा है, लेकिन ऐसा नहीं होता है । अगर ऐसा सोचा जाये कि सिर्फ शहरों में ही फेअर प्राइस शाप्स खोली जायें तो यह ठीक नहीं है । इसके लिये कोई सीमा बांधी जा सकती है कि कम से कम इतनी जमीन वाले को हम फेअर प्राइस शाप से गल्ला देंगे, इस से ऊपर वाले को वहां से नहीं देंगे। फिर कितना देंगे इस को भी एन्श्योर करना पड़ेगा ।

ते हैं क बम्बई पोर्ट में जाहिरहै कि वह तरीका तो चलता रहेगा । जब तक हमारे कम्यूनिस्ट दोस्त बैठे हैं हिन्दुस्तान में वे चाहेंगे कि यह हड़तालें चलती रहें और सारी कार्रवाई बन्द हो जाये । ट्रांसपोर्ट बन्द हो जाये, कम्यूनिकेशन बन्द हो जाये । इस को नजर में रख कर हमारे कुछ भाई काम करते हैं । लेकिन क्या यह कोई नई आफत है । ऐसी आफत तो हमेशा आने वाली है । अगर ऐसा न होता तो यह संभव नहीं था कि फूड के मामले में भारत बन्द करने की बात होती । जब भारत बन्द करने की बात चलती है तो उस के बारे में भी हम को साफ साफ समझ लेना चाहिये कि सिर्फ अनाज की तंगी के कारण भारत बन्द करने की बात चलती हो ऐसा नहीं है । अगर दूसरा मौका होता तो भी हमारे भाई भारत बन्द करने की बात सोचते क्योंकि वे चाहते हैं कि किसी न किसी रूप से गवर्नमेंट को हटाया जाय । यह उन का सीधा सा मकसद है ।

**Shri Nambiar:** It is not talking for the Government; what we want is food.

**Shrimati Jayaben Shah:** You will get it.ये लोग इस प्रकार से चाहते हैं। मैं इस पर बोलना नहीं चाहती हूं लेकिन आप इर्रिटेट होते हैं तो इसके माने हैं कि यह आप के दिल में है। मैं नहीं कहना चाहती थी कि अहमदाबाद में क्या हुआ और किस प्रकार हुआ । आप की वजह से हुआ था, कम्यूनिस्टों की वजह से हुआ । अगर वहां पर 5 आदमी मरे हैं तो उन की हत्या की जिम्मेदारी यदि किसी पर हो तो आप पर पहले है ।

**Shri Umanath** (Pudukkottai): Food has been made *band;* so Bharat *band* (*Interruption*). Ahmedabad police firing.

**Shrimati Jayaben Shah:** It was due to you, friends. मैं इस में समय नहीं लेना चाहती । लेकिन जो कुछ अहमदाबाद में हुआ वह पोलिटिकल फाइट थी ।

**Shri Nambiar:** Give us food.

**Mr. Deputy-Speaker:** Order, order.

**Shrimati Jayaben Shah:** 80 per cent labourers, I must tell you, were at work; 80 per cent students were in colleges. ऐसा नहीं था कि वे काम पर नहीं आये । उन्होंने वीक एन्ड हालिडे जाहिर कर दिया था ।

**Shri Umanath:** Don't be worried about that.

**श्रीमती जयाबेन शाह** : क्या यह भारत बन्द की बात है । यह बिल्कुल गलत है । यहां वे बोलते हैं लेकिन कोई जबाब नहीं मिलता । You will find that people do not respond to you. तो मैं कहना चाहती हूं कि अगर हम को प्रोडक्शन बढ़ाना है तो हमें अपने प्लानिंग का सारा एम्फेसिस एग्रीकल्चर पर लगा देना चाहिये ।

जो कम्युनिटी डेवेलपमेंट डिपार्टमेंट है, उस पर लोग नाराज हैं कि यह कोई काम नहीं करता, बेकार है । तो मैं कहना चाहती हूं कि उनको कोई कांक्रीट काम दें, उनको ऐसा काम बताएं कि उनको कुछ करना पड़े और प्रोडक्शन बढ़ाने की जिम्मेदारी बिलेज लेबिल वरकर से लेकर जिला पंचायत के प्रमुख तक पर डाली जाए ।

साथ साथ मैं यह भी बतलाना चाहती हूं कि ग्राम पंचायत, तहसील पंचायत और जिला पंचायत के बजट को देखा जाए और ऐसी व्यवस्था की जाए कि इनके बजट का कम से कम 80 प्रतिशत रुपया प्रोडक्टिव कामों में लगना चाहिये । इस वक्त जो हमारे देश में फिजूल खर्ची हो रही है उसे खत्म करना चाहिए । काश्तकारों को अच्छी खाद और अच्छा बीज मिलने की व्यवस्था होनी चाहिए । अच्छे बीज और खाद के बिना खेती अच्छी नहीं हो सकती यह तो एक बच्चा भी जानता है । हमको राज्य की या सेंटर की प्लान्स का ज्यादा से ज्यादा पैसा और परसोनेल एग्रीकल्चर का प्रोडक्शन बढ़ाने में लगाना चाहिये ।

जब हम एग्रीकल्चर की बात करते हैं तो हमारे सामने अच्छे बीज, अच्छी खाद और क्रेडिट की समस्या आती है । इनकी सुविधाएं किसानों को मिलनी चाहिए । यह ठीक है कि यह काम प्रापर चैनल के जरिये होगा । हमको इस क्रेडिट के काम के लिए कोआपरेटिव सोसाइटीज को और कोआपरेटिव बैंक्स को चैनल बनाना चाहिए । उनके जरिए हम किसान की मदद कर सकते हैं क्योंकि आज 80 पर सेंट किसान कोआपरेटिव में आ गया है ।

अब बिजली की बात आती है । हम बहुत सी बिजली बत्तियों में जला देते हैं । मैं इसके विरुद्ध नहीं हूं लेकिन जब हमको पावर की कमी है तो हमें पहले बिजली प्रोडक्टिव कामों के लिए लगानी चाहिए ।

बैटरमेंट लेवी की बात भी कही गयी । इसके बारे में झगड़ा चलता है और इससे विरोधी पक्ष के लोगों को खुशी है । मगर मैं चाहती हूं कि इसका फैसला किया जाए । आज बैटरमेंट लेवी के झगड़े के कारण यह हो रहा है कि पानी भरा पड़ा है लेकिन काश्तकार को नहीं मिलता । मेरी मंत्री जी से प्रार्थना है कि दो साल के लिए बैटरमेंट लेवी में कुछ रियायत दी जाए और उसमें से कुछ माफ कर दी जाए तो जो आज पानी उपलब्ध है उसका पूरा उपयोग होगा और उपज बढ़ेगी ।

ये ही बातें फूड प्रोडक्शन के लिए जरूरी हैं और इन पर ध्यान देना चाहिए ।

मैं इससे पहले की पार्लियामेंट में भी थी । मैंने देखा कि जब सरकार ने प्लान बनायी तो कम्युनिस्ट लोगों ने उस का अभिवादन किया और कहा कि अच्छा है । लेकिन आज वे इरेसपांसिबिल तरीके से बात कर रहे हैं । तीसरी प्लान बनी तो उस को उन्होंने होलहार्टेडली सपोर्ट किया लेकिन आज मुश्किल पैदा हुई तो विरोध कर रहे हैं । हो सकता है कि उसमें कुछ गलती भी हुई हो । हम ऐसे नहीं हैं कि हम से गलती न हो, लेकिन उस गलती में सारे मेम्बर साझीदार हैं ऐसा समझ लेना चाहिए । बच्चों की तरह इधर

उधर की बातें नहीं करनी चाहिए। हमको आज रास्ता निकालना है कि कैसे देश की पैदावार बढ़ाएं और हमारे यहां इतना गल्ला हो कि हम को अमरीका का मुंह न देखना पड़े। तो मैं कहना चाहती हूं कि प्लान के और कामों को फिल हाल स्थगित कर देना चाहिए और सारा पैसा और परसोनल एग्रीकल्चर पर लगा देना चाहिए। अगर ऐसा करेतो मैं समझती हूं कि प्रोडक्शन बढ़ेगा और जो लोग भारत बन्द के स्वप्न देखते हैं उनके स्वप्न समाप्त हो जाएंगे और भारत बन्द स्वप्नवत् हो जाएगा।

**Shri Sezhiyan** (Perambalur): Mr. Deputy-Speaker, I thank you for giving me this opportunity to take part in this debate. It is the inescapable duty of a modern Government to provide adequate food to its citizens at reasonable prices within their reach. But in this fundamental task, our Government has failed —failed miserably—in this basic human endeavour. After 17 years of rule—I can say continued misrule—after a decade of planning, still the food problem remains unsolved. There have been ministerial changes, there have been committees and reports, there has been planning with the aim "to achieve self-sufficiency in foodgrains". But after all these grand things, still we have not reached any tangible end. If we look into the figures, we find that planning has been done on a grand and elaborate scale. The first Plan provided 25 per cent of its allocation—Rs. 529 crores, the second Plan provided 20 per cent—Rs. 950 crores and the third Plan 23 per cent—Rs. 1,738 crores. These amounts are not small. The target fixed for the end of the third Plan is 100 million tons, but I do not think it will ever be reached. We are miles away from that target figure and the Government is still going on with this thing.

I am not against planning, but my point is that planning, though good, has not been executed properly. There have been years of complacency, mismanagement, ill-execution, weak-kneed policy and half-hearted measures in controlling and regulating production and distribution of foodgrains. The food crisis facing the country is not a new one. Once in five years, we face such a crisis. What happens is if there is a crisis, there is a burst of energy on the part of the Government and its machinery. They issue stern warnings. But once the crisis is over, they go into stupor only to wake up after the next crisis hits them hard.

Government have not been unaware of the price rise in foodgrains. Even in the Third Plan mid-term appraisal last year, on page 11, it has been said:

> "The rise in food article price since April 1963 has been as much as 12·7 per cent (up to September, 1963). This is a matter of continuing concern and further action may become necessary to arrest this trend."

So, the Food Minister at that time had not been unaware of the rising prices. I want to know what has been done since then to arrest the rising trend of prices. What have the Government and the Ministry done towards this end? Though I cannot put the blame on the present Food Minister, still this Government has been there. For 17 long years; they had their uninterrupted regime in this country. All the planning has been done. But still they have failed miserably to provide food for the country in an adequate manner and within the easy reach of the public.

Now we are hearing from the Minister that the price level will be controlled and that the worst is over. But the figures do not seem to confirm what he says. The prices are continuing to rise. In September, 1963, the wholesale index price of food was 139·1; in May, 1964, it was 140·3 and in the middle of August, it has now reached an all high figure of 165.1. I do not know how he seems to say that it has come to a stage where we can heave a sigh of relief. To

[Shri Sezhiyan]

quote what an ex-Food Minister himself said: "the prices have now become runaway". They have been left uncontrolled and they continue to rise. This is a thing which should have been controlled much earlier by the Government. This should have been anticipated by the Government and actual steps taken to bring down the prices.

There may be many causes for this increase in the prices of food articles. One thing said, of course, is that there is not a very good production of foodgrains. Though they have set a target of 100 million tons in the Third Plan, in the first three years of the Third Plan the production has been stagnant. Food production has not advanced any further in these years as they have planned. In 1961-62 it was 80 million tons, in 1962-63 it fell to 77 million tons and in 1963-64 it has been estimated to be 78 million tons. As per calculations in accordance with the target put in the Third Plan the production this year should have been 92 million tons. Not only we are miles away from that, but actually the production is going down year by year. This may be attributed to the vagaries of weather. But in planning agricultural production these things also should have been taken into consideration, and in a vast continent like India if there is a failure of crop at one place there is a bumper crop at another place to off-set the deficit made in one region. Some how or other the targets fixed have never been reached, and that may be one cause for this increase in prices.

There is also the explosive population growth which has also contributed in no small measure to the increased demand of foodgrains. The population growth has been very explosive. It is increasing from decade to decade in a very alarming manner. In 1911 it was only 5·69 per cent over 1901, but from 1921 to 1931 the increase was 11 per cent. From 1951 to 1961 it has gone up to 21·49 per cent. It is now estimated to have reached 25 per cent. This annual increase of 2.4 or 2·5 per cent has to be taken into consideration. Even if you want to keep up the average *per capita* consumption at the same level you have to increase the food production by 2.5 per cent every year in consonance with the increase in the population. But because the production has been stagnant in the last three years—1961, 1962 and 1963—the average *per capita* consumption has actually fallen. In 1961 it was 16.3 ounces, in 1962 it was 16.1 ounces and in 1963 it fell to 15.4 ounces.

There is also a third factor where due to extravagant spending on the part of the Government in various non-yielding and non-profitable projects they have also contributed to inflationary tendencies. As against a rice of 30.2 per cent in national income in 1963-64 over 1955-56, the increase in money supply was of the order of 69·1 per cent. Taking for granted that the velocity of money flow being the same there is bound to be an increase all round in prices and the prices of foodgrains have also been affected to that extent.

Granting all these things, that there has been less production, that there has been growth in the population and there has been inflation, still the cause of the present rise in prices seems to be due to other factors, other forces that are working in the distribution channel. One thing which we have to see here is that not all the production in the country goes to the market and that not all the quantity that goes to the market goes to the consumers directly. If you take the total production of rice, wheat, jowar or gram, all that is produced in the country does not go to the market and only a very small fraction of the total production comes to the market. In 1962-63, according to the figures given by the Government, the total arrivals in the market were only 3.92 per cent of the total production in respect of rice, 1·60 per cent in the case of jowar, 3·50 per cent in res-

pect of wheat and 3.27 per cent of gram. Only 3.92 per cent of the total rice production came to the open market for sale. What I want to impress on this House is that when there is a fall or rise in production actually the price trends are controlled not by production but by these arrivals in the market. These arrivals in the market are being controlled by wholesale traders and by big landlords. These are the persons who control the inflow of foodgrains into the market. They also control the prices. All these years it has been possible for the big landlords to get credit and to retain a significant proportion of the produce with them awaiting a better turn in the prices. The wholesale trader in his turn takes these foodgrains to the market not to sell them but to hoard them on a speculative basis to get higher prices at a later date. This has also been proved by the arrival figures that though there has been, in some areas, especially Andhra and other areas, an increase in production, there has not been a significant corresponding increase in the supply in the market. Though there has been a higher production in some years there has been actually a fall in the supply to the market because the arrivals are being controlled by big landlords and wholesale traders. They have got a grup on the market which has not yet, been broken by the Government. They might have tried to break it, but I have my own doubts about it, because these big landlords and wholesale traders have been getting the backing of the ruling party and through the ruling party they have been able to have a firm grip on the governmental machinery so that it will not take any stern action against them in an efficient way.

Therefore, if there is to be equitable distribution, the Government should have complete control over distribution, absolute control over the distribution of all that is produced. Private management in the matter of foodgrains trading has failed the country in the crucial hours. Instead of allowing the country to face another crisis the Government has done well in coming forward and creating this Corporation. But simply creating a Corporation may not give the desired results. The other day, one of the Congress Members, coming from Barsi constituency, I think, said 50 per cent of the government officials are corrupt. Probably, belonging to the ruling party, he knows it better than I do and that should be true unless we have a clean and efficient administration in charge of these things this Corporation may also go the same way as the other corrupt and inefficient organisations.

There has been a wrong notion that the rise in prices of foodgrains is a help to the farmers. The Food Minister also, in his Press Conference in Delhi on 25-8-1964 said:—it has been reported in the *Hindustan Times* of 26-8-1964:

> "He further said that 70 per cent of the population in India were rural and were mainly the producers of foodgrains. They were, therefore, unaffected by the high prices."

But I beg to differ from him on this point. The rise in the prices of foodgrains is not going to help the farmers. It may be that in the first instance it falls on the urban areas but in course of time it will rebound to the rural part also. In this connection, I want to place one thing before the House. It has been said by the Planning Commission itself, when they chalked out the first Five Year Plan, in Chapter XI, on the food policy for the Plan:

> "A well-defined food policy for the period of the Plan is an essential condition for the successful implementation of the Plan. For the large sections of the commu-

[Shri Sezhiyan]

nity which live near the margin of subsistence, a certain minimum supply of foodgrains at reasonable prices constitutes the rock-bottom of the standard of living, a fall in which would be seriously detrimental to health and efficiency. The consequences of any untoward development in the food situation are too obvious to need stressing. The experience of the last few years has brought out clearly the vulnerability of the economy on account of the inadequate production of foodgrains in the country. Foodgrains occupy a pivotal place in the price structure, and if this latter has to be safeguarded, as it must be, the prices of foodgrains must be held stable at levels within the reach of the poorer sections of the community. Even a moderate shortfall in the supply of foodgrains is likely, under Indian conditions, to raise their prices more than proportionately, and a rise in food prices leads directly to a rise in the cost of living and in production costs, all round. This does not, of course, mean that the producer of foodgrains should not get a reasonable return. On economic as well as social grounds, it is vital that he does. But, the real return that he gets does not depend only upon the prices he obtains for his produce; it depends as much upon the prices he in turn has to pay for what he buys. If an increase in food prices raises these latter, he may be no better off in the end, and may even be worse off. In the last analysis what limits the real income of the primary producer is low productivity. To increase this latter, what is needed is a programme of public investment which will give him the water, the power, the seeds and the manures he needs. A policy which might raise prices all round and jeopardise the investment programme itself is, therefore, of no ultimate benefit to the producer. Food policy for the Plan has, therefore, to keep in mind these wider considerations."

I am quoting this because a mere price rise for foodgrains will not help the farmer unless you give him cheaper power, diesel oil, fertilizer and other things that are conducive to increased production.

In an article on food prices in the A.I.C.C. *Economic Review* dated 25-8-1964 the same point has been stressed:

> "In the ultimate analysis, a rapid rise in agricultural prices also rebounds adversely on the farmers. They stimulate the whole mechanism of speculation with agricultural products as with land. The profits flow to an insignificant group of speculators in towns and villages, whereas the working farmers feel acutely all the negative effects for the entire economy, which are induced by a violent price increase of agricultural produce."

Therefore, we should not try to stabilize prices at a high level. Whenever Government or the Ministers speak of stabilisation of prices, it looks as though they want to stabilize prices at a higher level, the level at which they are now reigning. But the real aim should be to bring down the prices to the earlier level, within the easy reach of the ordinary consumer. This is a point which requires all the attention of the Government and also the Minister. Whenever they think of the poor farmer they should remember that merely giving an increased price for the foodgrains is not going to solve the problem; the only answer is increased production with the help of governmental cooperation, and technical and financial

assistance; cheaper and timely supply of water, power, fertilizer, diesel oil and better seeds will go a long way to help the farmer in producing more.

For increasing production we have got ample resources, human resources which are lying idle in the rural parts. At page 50 of the Third Plan it has been stated:

> "One of the main aims of the Plan, therefore, is to harness the man-power resources available in rural areas. This is to be achieved through the programmes of development for which the Plan provides, supplemented by extensive rural works programmes for utilising manpower resources in the villages, especially for increasing agricultural production."

Therefore, whenever we think of agricultural production, we should bear in mind the unutilized idle manpower available in the rural areas. If an effective and co-ordinated plan is executed for utilising that manpower it will go a long way in increasing food production.

Unless the production is increased and unless the products are channelised by effective control on distribution, there is no way to reduce the prices. If we leave the prices to continue at the present level, big landlords and wholesale traders will speculate and earn large profits, by further raising the prices. Therefore, immediately Government should take stern action against speculation and hoarding. They should try to disgorge the huge hoarded stocks. Then they should have effective control over distribution. They should also try to curb, if not completely eliminate, the bank advances to big landlords and wholesale traders against foodgrain stocks. They should further try to keep the prices within the reach of the common man.

Further, there should be decentralisation of the whole planning and execution. Instead of there being one monolithic organisation, there should be organisations at each State, district and even taluka headquarters. Targets should be fixed for each of them and they should be asked to fulfil those targets. If that is done, there will be a better supervision and appreciation of the work done at the lower level. If the target is fixed at the district level instead of on an all India basis, it will assist planning and the working of programmes.

**Maharajkumar Vijaya Ananda:** (Visakhapatnam): Mr. Deputy-Speaker, let us first analyse why there has been this shortage of food. I would like to say that many of our difficulties have not been really mentioned in this House barring mere condemnation. Wholesale condemnation has been what the Opposition has been indulging in. They have not taken the trouble of looking into the various aspects by which the food supply can be generated.

May I mention one thing? Although we are not on a war footing, we certainly have to keep alert and all our forces have to be at the extreme frontier areas where food has to be taken and in transit some of it usually perishes. That cannot be helped in the emergency at the present time.

In addition to this, we have had lakhs and lakhs of people coming in from Pakistan, making our problem still more difficult. It is easy to say that the Government has failed but it is not easy to run a government. That is what I would like to say. The Food Minister has an unenviable position. He has, if I may say so, played magnificently on a sticky wicket inspite of very hostile bowling. He stood up to it and he can now smile and say the food crisis is over.

**15.48 hrs.**

[MR. SPEAKER *in the Chair*]

In order to make things look better, I think we should lay greater emphasis on agriculture. That should

[Maharajkumar Vijaya Ananda]

have been really the first item on our list of priorities. Our new Prime Minister Shastriji, in one of his speeches stated that instead of tackling many projects let us take a few of them so that we can give our best, so that the best results are achieved. Now, he has said something that has appealed to the whole country.

Sir, our country has such vast areas of *banjar* land. In Andhra we call it *banjar* land. I do not know how it is called in Hindi, perhaps, *usar* land. First of all, what we should do is, we should modernise our agricultural implements in the remote villages. We are still adhering to the medieval way of ploughing which has to give place to mechanical methods. I think, when we are getting aid from friendly countries, let us ask for more implements for agriculture. If we are able to do that, most our difficulties will be solved.

Furthermore, as my hon. friend, Shrimati Shah, who spoke very ably, said, we should give attention to minor irrigation. I entirely agree with what she has said. Minor things go a long way in the remote villages, whether these are small canal system or *nalis* as you call them. They are neglected. Tanks are not dug up properly. They are silted and proper dredging is necessary.

Here, I would quote from the Mid-term Appraisal of the Plan. It says:—

> "During the first two years of the Plan, there has been steady expansion in the total agricultural effort, and it has been a constant aim to . . . remove technical and administrative weaknesses in the execution of agricultural programmes. A great deal still remains to be done to achieve the necessary intensification of agricultural effort. Unfavourable weather conditions had markedly adverse effect on the volume of agricultural production in 1961-62 and 1962-63. In 1961-62, excessive rains during September-October affected the output of millets and cotton; later, the cold wave in December-January caused serious damage to gram and other pulses. In 1962-63, rice production suffered on account of a prolonged drought and inadequate winter rains diminshed the output of wheat, and other *rabi* crops. While seasonal factors have, no doubt, effected recent production levels, it is necessary to remember that over the past decade the general trend in the production of various crops has been upward and fluctuations from year to year have, on the whole, been relatively smaller than in earlier years."

This is the report of the Planning Commission.

Food is such an important thing. I remember reading an amusing thing. Once the Prime Minister of England was talking to a cockney. He asked him, "What do you do?". He replied, "I go to work; I get the money; I buy the food to keep me fit to go to work." That was his slogan. I would repeat. To the Prime Minister he said, "I go to work to get the cash to buy the food to keep me fit to go to work." So, food being such an essential factor, I must congratulate Government that under very adverse circumstances and difficulties they have tided over it. Of course, generally speaking, no one would like foreign grain to come here now or afterwards, but one has to fall back on foreign friends because of our difficulties. As I mentioned, if we could only bring all our *banjar* land under cultivation. If we could intensify that and also see that the grain trade is nationalised, we would solve the problem.

There has been a lot of talk of black-marketing. I certainly say that there has been black-marketing. Of course, there has been hoarding also. But that hoarding can be eliminated if Government could go into the aspect of nationalising this trade because that will eliminate all these people who are really profiteering in the grain market. The best way to do this is that Government should seriously give this priority in their programme.

The trouble has been that cities have great attraction for small villagers. They have been coming here in lakhs and lakhs to each town. That is one of the reasons why the cities have had these difficulties. But in the remote parts of the country there has been peace and goodwill. But here and outside also, because of some lack of foodgrains and because the cities are overpopulated this thing has been exploited with the result that it was for a political purpose that was done.

The official review of the situation has been this, namely:—

> "The outstanding feature of the economy during 1963 and 1964 has been strong and persistent pressure on the price level of foodgrains. In the foodgrains price economy the factors which have influenced the supply and price during the last few years are those of (a) production, (b) marketable surplus, (c) imports, (d) growth of population, (e) variations in consumer preferences and patterns, (f) increase in purchasing power and other monetary factors and (g) stock building and hoarding and speculations and the trading system."

This is the Government review. To say that the Government have been sleeping over things and have been unsuccessful, I think, is a very unkind act. As I said, it is more political than anything else. The hon. Minister probably holds the most unenvious position in the Cabinet. I do admire the way he has stood up and faced this. Whenever I have always found this. Whenever I have had the pleasure of meeting him, I have always found him smiling. He will do it and he is still doing it. He said, "I will do it for the rest of my life".



Sir, I believe in brevity. So, with these few words, I would once again like to emphasise that the Government should give priority to agriculture so that every bit of land in this country is brought under cultivation. We have a coastline of thousands of miles. There are areas, like the chambal ravines, which could be brought under cultivation. By doing that we would be doing two things— firstly, we will have that very good areas under cultivation and, secondly, we will also get rid of the dacoits which infest those areas. So, I think, by getting rid of the dacoits and by having more food, we will be a prosperous land.

---

**15.58 hrs.**

## CALLING ATTENTION TO MATTER OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE

(ii) Murder of Shri H. N. Sanyal, Solicitor-General of India.

**श्री यशपाल सिंह (कैराना)** : अध्यक्ष महोदय, मैं गृह-कार्य मंत्री का ध्यान निम्न अविलम्बनी लोक म त्व के विषय की ओर आकृष्ट करता हूं और चा. ता हूं कि वह इस सम्बंध में अपना वक्तव्य

भारत के सालिसिटर जनरल श्री ए० एन० सान्याल का गला घोंट कर मारा जाना ।

**The Minister of Home Affairs (Shri Nanda)**: Mr. Speaker, Sir......

**श्री यशपाल सिंह** : मैंने हिन्दी में इसका नोटिस दिया है और अगर इसका जवाब हिन्दी में ही दिया जाए तो बहुत मेहरबानी